Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 254 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी 757 करोड़ रुपये से अधिक की राहत

## बिजली उपभोक्ताओं की पीड़ा को दूर करेगी समाधान योजना : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

■ मुख्यमंत्री ने बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का किया शुभारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय स्थित सभागार से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया और अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ लेने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार 931 हितग्राहियों को 8 करोड़ 79 लाख रुपए की सब्सिडी भी अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान योजना के माध्यम से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले प्रदेश के निम्न एवं मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की गई है। योजना के तहत प्रदेश के 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को कुल 757 करोड़ रुपए की राहत दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश के लगभग 18 हजार गांवों तक बिजली पहुंचाई गई, जिससे आजादी के बाद से अंधेरे में रहे गांव भी रोशन हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में हमारे अपने संसाधनों से लगभग 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोरोना काल में आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाए थे, जिससे बकाया राशि बढ़ गई थी। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं की इस परेशानी को समझते हुए समाधान योजना लागू की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति प्रदेश में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है और अब तक लगभग 36 हजार लोग इससे जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महिला स्व सहायता समूहों द्वारा सोलर पैनल वेंडर के रूप में कार्य किया जाना एक सकारात्मक पहल है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समाधान योजना के लिए बधाई देते हुए निर्देश दिए कि शिविर लगाकर और व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को समाधान योजना से जोड़ा जाए। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं की तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें 31 मार्च 2023 की स्थिति में निष्क्रिय उपभोक्ता, सक्रिय एकल बत्ती कनेक्शनधारी उपभोक्ता तथा सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं को विद्युत देयक जमा करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में अधिभार की राशि में 100 प्रतिशत छूट तथा मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान किया गया है।

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीयन कराना होगा और पंजीयन के समय बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान करना अनिवार्य होगा। शेष राशि का भुगतान किस्तों में किया जा सकेगा और आगामी माह में कोई अधिभार नहीं लगेगा। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी।

इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

---

### महंत बोले-होटल संचालक परेशान, चंद्राकर बोले- ये सदन क्षेत्र से बाहर का मामला

## एलपीजी सिलेंडर की कमी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा






**रायपुर (विश्व परिवार)।** विधानसभा के बजट सत्र में एलपीजी सिलेंडर की कमी का मुद्दा उठते ही सदन में जोरदार हंगामा हो गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में सिलेंडर नहीं मिलने से लोग और होटल संचालक परेशान हैं। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसे सदन के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया, जिस पर पक्ष-विपक्ष में तीखी नारेबाजी शुरू हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जनहित को देखते हुए



स्थगन प्रस्ताव स्वीकार कर इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए, लेकिन सभापति ने यह कहते हुए स्थगन प्रस्ताव खारिज कर दिया कि यह विषय केंद्र सरकार से जुड़ा है। इसके बाद विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल तक पहुंच गए जिन्हें बाद में सस्पेंड कर दिया गया। वहीं कार्यक्रमों के भुगतान के मुद्दे पर भाजपा विधायक लता उसेंडी ने अपनी ही सरकार को घेरा और मौखिक-लिखित आदेशों पर हुए कार्यक्रमों का भुगतान न होने का सवाल उठाया। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दस्तावेज मिलने पर जांच कर भुगतान कराने की बात कही। इस पर कवासी लखमा ने तंज कसा, जब लता उसेंडी की ही सुनवाई नहीं हो रही, तो हमारी क्या होगी?

## प्रधानमंत्री मोदी असम को देंगे 32 हजार करोड़ का तोहफा

**गुवाहाटी।** पीएम मोदी असम के दो दिनी दौरे पर 13 मार्च को जाएंगे. इस दौरान वह हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. वहीं गृहमंत्री अमित शाह 15 मार्च को असम पहुंचेंगे. विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा के शीर्ष नेताओं का राज्य का दौरा काफी अहम माना जा रहा है. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के मुताबिक, प्रधानमंत्री इस दौरान राज्य को कुल मिलाकर करीब 32,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे, जो न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगी बल्कि रोजगार के नए रास्ते भी खोलेंगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 और 14 मार्च को असम के दौरे पर जाएंगे. इस दौरान वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और चाय बागान समुदाय के लोगों को भूमि अधिकार प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च



को असम के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं. वे 32,000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जिसमें सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस हाईवे और चाय बागान मजदूरों को जमीन का हक देना शामिल है. प्रधानमंत्री अपने दौरे की शुरुआत 13 मार्च को गुवाहाटी से करेंगे. यहां वे करीब 10,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे.

## अमृत भारत स्टेशन योजना: एक माह में 8 और स्टेशनों का हो रहा पुनर्विकास

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हाल के वर्षों में भारतीय रेलवे ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अपनी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रेलवे के लिए सकल बजटीय आवंटन वित्तीय वर्ष 2014ङ्क15 में ?32,300 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025ङ्क26 में ?2,52,200 करोड़ हो गया है, जो लगभग आठ गुना वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि रेलवे नेटवर्क की क्षमता विस्तार के लिए की गई है।

रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के दीर्घकालिक विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना प्रारंभ की है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 1,337 स्टेशनों को विकास हेतु चिन्हित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। अब तक 180 स्टेशनों पर कार्य




पूर्ण किया जा चुका है।

अन्य स्टेशनों के विकास कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं। छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित स्टेशनों की प्रगति इस प्रकार है—

**भिलाई पावर हाउस स्टेशन:** नए द्वितीय प्रवेश स्टेशन भवन, मुख्य प्रवेश स्टेशन भवन के उन्नयन, प्लेटफॉर्म उन्नयन, प्रतीक्षालयों के सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया विकास, पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर तथा 12 मीटर फुट ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेशन भवन की फिनिशिंग तथा प्लेटफॉर्म पर प्रकाश व्यवस्था के सुधार का कार्य प्रगति पर है।

**रायपुर जंक्शन स्टेशन:** द्वितीय प्रवेश पक्ष पर उपयोगिताओं का स्थानांतरण कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय प्रवेश स्टेशन भवन, मुख्य एवं द्वितीय प्रवेश पक्ष पर मल्टी लेवल पार्किंग, सेवा भवनों तथा सर्कुलेटिंग एरिया विकास के संरचनात्मक कार्य प्रगति पर हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री के वायदा खिलाफी पर भड़की भाजपा की लता उसेंडी





विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान आज भाजपा की विधायक एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी लता उसेंडी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सदन में वायदा खिलाफी को लेकर भड़क गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दोषी अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, बल्कि उनके सेवा अवधि में वृद्धि की जा रही है। इस पर तंज कसते हुए कांग्रेस के कवासी लखमा ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता का मामला है, कृपया इसे गंभीरता से लें। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक एवं सगठन की पदाधिकारी लता उसेंडी ने उनके क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधायकों द्वारा जो आवेदन स्वास्थ्य मंत्री को दिए जाते हैं, उन्हें तवज्जों नहीं दिया जाता।

## प्रयागराज में धार्मिक पर्यटन को नया बल, दो प्रमुख मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपए

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रयागराज के दो प्रमुख आस्था केंद्रों के पर्यटन विकास की योजना को मंजूरी दी है। करछना स्थित फ्लाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर लगभग 3.46 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से मंदिर परिसरों का कायाकल्प किया जाएगा और श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि तीर्थ नगरी प्रयागराज देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के साथ-साथ



कम चर्चित आस्था केंद्रों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में करछना स्थित फ्लाहिरी बाबा मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 1.64 करोड़ रुपए तथा सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर और देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए करीब 1.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## अफीम की अवैध खेती पर सीएम साय का कड़ा रुख

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती न हो रही हो। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर प्रमाण पत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## ईरान पर सख्त हुआ यूएनएससी, निंदा वाला प्रस्ताव पास



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों के खिलाफ प्रस्ताव को पारित कर दिया। इसके बाद तेहरान ने सुरक्षा परिषद के खुलेआम दुरुपयोग की निंदा की। इससे पहले बहरीन के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि जमाल फारिस अलरोवैई ने कहा था था कि खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों ने सामूहिक रूप से ईरान की ओर से दागी गई 954 से अधिक मिसाइलों, 2,500 ड्रोन और 17 विमानों को इंटरसेप्ट किया है। जमाल फारिस अलरोवैई ने कहा था कि तेहरान की निंदा के लिए सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाया जाएगा।

### लोकसभा में जमकर हंगामा, सरकार ने दी खुशखबरी

## बिना रुकावट के हर परिवार को मिलेगा सिलेंडर


**नई दिल्ली।** एलपीजी संकट के मुद्दे पर गुरूवार को लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने एलपीजी आपूर्ति में दिक्कत के दावे किए और सरकार पर जमकर हमला है। विपक्षी दलों के दावों पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जवाब दिया। हरदीप सिंह पुरी ने कहा- पिछले 5 दिनों में रिफाइनरी में एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और ज़रूरतमंदों की रसोई में किसी भी तरह की कमी न हो। घरेलू सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और डिलीवरी प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर पूरे देश में मचे हाहाकार पर सरकार ने अपना पक्ष रखा है। लोकभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस



मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ने अपनी एलपीजी आपूर्ति को सक्रिय रूप से डायवर्स किया है। भारत पहले अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देश कतर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और कुवैत से आयात करता था, जबकि 40 प्रतिशत आवश्यकता घरेलू उत्पादन से पूरी होती थी। अब सरकार ने आयात स्रोतों को विविध बनाया है। अब संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस से एलपीजी का आयात हो रहा है। यह कदम वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों, विशेषकर पश्चिम एशिया में युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट में आए व्यवधानों के बीच ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। हरदीप पुरी ने कहा कि रिफाइनरी निर्देशों के माध्यम से पिछले 5 दिनों में एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू उपयोग को प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू क्षेत्र में आपूर्ति के लिए निर्देशित किया गया है।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया





**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रथम तीर्थंकर मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक के अवसर पर गुरुवार दिनांक 12/03/2025 को चैत्र कृष्ण नवमी को पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज जी की सुशिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागरजी एवं मुनि श्री 108 कौशल्य सागरजी संघ के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास से सकल जैन समाज रायपुर ने मनाया, मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन (गुरुकृपा)एवं अध्यक्ष यशवंत जैन ने बताया प्रात: 7.30 बजे श्री जी की विमान यात्रा में सौभाग्यशाली श्रीमति ऊषा धर्मचंद गंगवाल परिवार के द्वारा भगवान श्री 1008 आदिनाथ जी को चांदी के रथ में विराजमान कर,रथ के सारथी श्री अनूप जी वंदना जैन परिवार और चवर अर्पण निवान जैन को लाभार्थी बनने का शौभाग्य मिला। उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी लोकेश चंद्रकांत जैन ने जानकारी दी धार्मिक जयकारों के सहित विमान यात्रा निकाली गई जिसमें पुरुष सफेद वस्त्रों एवं महिलाएं, केशरी वस्त्र धारण कर राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से कोतवाली चौक,सदर बाजार एडवर्ड रोड गोल बाजार चिकनी मंदिर होते हुए वापस मालवीय रोड स्थित बड़े मंदिर पहुंच , तत्पश्चात 08.30 बजे मूल नायक भगवान आदिनाथ का जन्माभिषेक प्रमुख चार इन्द्र श्री प्रत्यूष जी जैन, श्री मीठालाल जी जैन ,श्री अभिषेक जैन,श्री श्रवण कुमार जी जैन के द्वारा किया गया , मुनिश्री के मुखारविंद से उच्चारित शांतिधारा श्री अनिल अंकुज जी जैन (चूड़ी वाला परिवार) एवं द्वितीय श्री भरत जी हर्षवर्धन, प्रिंस जैन (भोरावत ज्वेलर्स) परिवार को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, तत्पश्चात पूजन पाठ एवं विसर्जन तत्पश्चात तीर्थंकर आदिनाथ के जन्मकल्याणक पर मुनि श्री ने प्रवचन में कहा कि जीवन में पुरूषार्थ को इतना विशाल करो कि 84 लाख वर्ष पूर्व के बाद भी आदिनाथ तीर्थंकर जैसे जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाए। आयोजन में श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी, उपसमिति, महिला मंडल युवा महासभा बालिका मंडल एवं जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुजीत जैन ने किया।

## जोन कमिश्नर ने ली वार्ड सफाई सुपरवाइजरों, ठेकेदारों की बैठक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।**आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर ने जोन कार्यालय में जोन अंतर्गत वार्डों के सफाई सुपरवाइजरों और सफाई ठेकेदारों की बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की पुख्ता तैयारियां करने के सम्बन्ध में उन्हें कार्यपालन अभियंता श्री द्रोनी कुमार पैकरा और जोन 1 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में जोन 1 अंतर्गत सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सफाई व्यवस्था को जोन 1 के सभी वार्डों में सुधारने के निर्देश दिए.

## आयुक्त ने विभिन्न प्रस्तावित रोड का स्थल निरीक्षण किया



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण, उद्यान, निर्माणाधीन नाली एवं सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया है। नागरिको के मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए कार्यो को जल्द प्रारंभ कर पूर्ण कराने निर्देशित किये है।

निगम आयुक्त ने जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर में प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किये। प्रियदर्शिनी परिसर से सुपेला चौक तक सर्विस रोड पुराना होने के कारण जर्जर हो गया है, जिससे नागरिको के आवागमन में असुविधा हो रही है। उक्त सड़क का निर्माण कार्य हेतु जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। वहीं सुपेला गदा चौक से इंदिरा चौक तक प्रस्तावित रोड का स्थल निरीक्षण किया गया है। नागरिको के सुगम आवागमन को देखते हुए सड़क निर्माण कराने कहा गया है। नेहरू नगर स्थित उद्यान के भीतर निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किये, कार्य पूर्ण कराने कहा गया है और आस-पास के चौक-चौराहो एवं सड़को का संधारण कराने कहा गया है। नेहरू नगर सूर्या माल चौक के समीप निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किये। निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाते हुए कार्य समयावधि में पूर्ण कराने कहा गया है।

आयुक्त ने जोन-4 खुर्सीपार शिवालय चौक के पास जर्जर सड़क का अवलोकन कर संधारण कराने निर्देशित किये है। साथ ही पूर्व में अवैध मकानों पर बेदखली कार्यवाही किया गया था, रिक्त स्थल पर नागरिको की सुविधा हेतु सड़क निर्माण कराने कहा गया है और अतिरिक्त ब्रेकर को हटाने कहा गया है, जिससे कोई दुर्घटना न हो। खुर्सीपार में स्थानीय नागरिक द्वारा नाली से जोड़कर मकान निर्माण किया जा रहा है, जिसे नोटिस देकर कार्यवाही करने कहा गया है। खुर्सीपार में सार्वजनिक शौचालय जर्जर हो गया है, जिसे नया निर्माण कर व्यवस्थित कराने कहा गया है। आयुक्त का उददेश्य शहर में नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देना और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं समयबद्वता सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संजय वर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता रीमा जामुलकर, चंदन साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पटरीपार सिकोलाभाटा सब्जी मार्केट में निगम की बड़ी कार्रवाई



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पटरीपार सिकोला भाटा सब्जी मार्केट क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से करीब 35 से अधिक दुकानों के बाहर नाली के ऊपर बनाए गए अवैध शेड और पक्के निर्माण को तोड़कर हटाया।

बताया गया कि लंबे समय से इस क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा नाली के ऊपर कब्जा कर पक्के निर्माण कर लिए गए थे, जिससे आवागमन और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इस संबंध में नगर निगम द्वारा पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन अवैध कब्जाधारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।महापौर श्रीमती अलका बाघमार के सख्त निर्देश पर आज अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया।कार्रवाई के दौरान पटरीपार सिकोला भाटा के कई दुकानदारों ने निगम की कार्रवाई को देखते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय भी मांगा। इस पर निगम अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर क्षेत्र में सड़क और नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर व्यवसाय करना किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा कर व्यवसाय किया जाएगा तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस का विधानसभा घेराव के लिये तैयारी बैठक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने 17 मार्च को मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढोत्तरी जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव को लेकर बैठक लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। विधानसभा घेराव के लिये जिलोंवार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी है, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसजन विधानसभा घेराव में शामिल होकर डबल इंजन की सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेन्द्र तिवारी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री दीपक मिश्रा, महामंत्री सुबोध हरितवाल, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, नगर निगम सभापति आकाश तिवारी, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, शिवसिंह ठाकुर, सुनील कुकरेजा, संदीप तिवारी, अशोक राज आहुजा, पंकज मिश्रा, राजेश चौबे, दिलीप सिंह चौहान, अशोक चतुर्वेदी, पल्लवी सिंह, करूणा कुर्रे, आत्माराम क्षत्रिय, प्रभोजित सिंह लाडी, राहुल इंदुरिया, रविन्द्र शुक्ला, सद्दाम सोलंकी एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।


### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)

क्रमांक / 5241 / न.पा.नि./ लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 10/03/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत पार्षद निधि अन्तर्गत भवन में नवीन सुविधा कार्य, आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं कलवर्ट निर्माण कार्य (02 कार्य) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "ए" में छत्तीसगढ़ **के पी.डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर.01.01.2025** एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (आवेदन करने की अंतिम तिथि **दिनांक 25.03.2026** एवं निविदा प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 01.04.2026 )** तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यो की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्ते, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पंचायत रोहांसी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक 230 / लो.नि.वि./ नि.आ.सू./न.प../2025-26 रोहांसी, दिनांक 11/03/2026

**!! ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना !!**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सिस्टम टेंडर नंबर 186954 वार्ड क्रमांक 4 स्थित मुक्तिधाम में विभिन्न विकास कार्य। | 20.27 | 02.04.2026 समय-17:30 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत रोहांसी**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./29371/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29371**
**वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **35** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR235I00156** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARMADA BEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARISH KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती लक्ष्मी चौहान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री फलेन्द्र चौहान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./29307/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29307**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342E00225** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHANDRIKA DOUDIYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LT. SHAMBHU DOUDIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR LAHARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. KUNJLAL LAHARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी, रायपुर में निर्मित CH भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक सीएच - CH-511, **श्री कुलदीप सिहं ढिल्लन पिता - श्री स्वर्ण सिंह ढिल्लन** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 02/02/2016** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 09/03/2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री राजू रॉय पिता श्री बिजुली रॉय** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /29373/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29373**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C00146** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJANI GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJIV KUMAR GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **POOJA SINGH RAJPUT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI VIKRAM SINGH RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /29297/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29297**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226W0124H** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHAVESH BHAI K. JETHWA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANTILAL J. JETHWA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AMIT DAHARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TIJAU RAM DAHARIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /29294/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29294**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226J00076** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VANDINI SHARMA SHARMA S.K. SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA PRASAD PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANT KUMAR PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA PRASAD PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /29291/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29291**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226W00505** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKHILA BOYPATI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VENKAT RAMNAIYA BOYPATI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHUBHA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAKESH KUMAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /29191/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 9-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29191**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. . **RPR226J00382** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ITWARI RAM DAHARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मुन्नी बाई डहरिया 2. सुनैना डहरिया 3. यशवंत डहरिया 4. गोपी डहरिया 5 जागेश्वर डहरिया** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. मनीराम डहरिया 2. स्व. धनीराम डहरिया 3. स्व. इतवारी राम डहरिया 4. स्व. इतवारी डहरिया 5 स्व. इतवारी डहरिया** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /29285/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29285**
**वार्ड का नाम- 32 - महर्षि वाल्मीकि वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328N00028** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ROSHAN MEGHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GANESHMAL MEGHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. अमन दीप सिंह S/O सतविन्दर पाल सिंह 2 तारकेश्वर मिश्रा S/O वीरेन्द्र कुमार मिश्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **गोटविन इंफ्रस्ट्रक्चर एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड,** द्वारा **डायरेक्टर एवं अधिकृत प्रतिनिधि- श्री नवीन कुमार झा, उम्र 44 वर्ष , पिता बासुदेव झा, पता :- क्वा -27, सेक्टर-2 , सेक्टर-2 वार्ड नंबर 10 ,तिलक नगर वार्ड एकता नगर चौक रायपुर छत्तीसगढ़, पिन -492 010** ने **श्री संतोष कुमार पिता समोला जाति -साहू निवासी ग्राम + पोस्ट - नरदहा, आरंग जिला रायपुर छत्तीसगढ़ -490021** के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं खसरा नं 355 रकबा 0.67 हेक्टेयर एवं खसरा नं 357 रकबा 0.13 हेक्टेयर कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.80 हेक्टेयर, (ऋण पुस्तिका क्रमांक - **D** 9341) वाके मौजा ग्राम नरदहा रा.नि.मं. चंदखुरी ,पटवारी हल्का नंबर 001 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर का विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर सौदा कर लिया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो अथवा पूर्व में कोई अनुबंध पत्र निष्पादित हो तो वह इस प्रकाशन के पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे निम्न पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि को अपने हक में पंजीकृत करवाने हेतु स्वतंत्र होगा व उक्त समयावधि के पश्चात कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिवक्ता तापस कांति घोष,**
**डी एम प्लाजा के पास छोटापारा,रायपुर**
**(मोबाइल 98261-32035)**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29358/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29358**
**वार्ड का नाम-38- स्वामी आत्मानंद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717A00400** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PARAS CHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMAR CHAND SURANA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUVIDHI SURANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O PRAVIN KUMAR SURANA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29357/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29357**
**वार्ड का नाम-22- पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814D00133** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MEENA BAI SAHU, CHINTA BAI SAHU, KAMIN SAHU , RAMHIN BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. PURSHOTTAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GOVARSHAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O VISHNU PRASHAD SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29351/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29351**
**वार्ड का नाम-37- शहीद चुड़ामणि नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717B00063** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GANESH BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LALCHAND BAJAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VED PRAKASH JANGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O DHERAJ KUMAR JANGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29350/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29350**
**वार्ड का नाम-36- तात्यापारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717D00093** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAILASH AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PARMANAND AHUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAYA PHATNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O HITESH PHATNANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29348/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29348**
**वार्ड का नाम-25 - संत रामदास वार्ड वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818F0797A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUTRADHAR, BANKELAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHOVARAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SATRURAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE CHOVARAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पारिवारिक बटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./29347/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29347**
**वार्ड का नाम-25 - संत रामदास वार्ड वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818F00797** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUTRADHAR, BANKELAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHOVA RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BANKELAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE CHOVARAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पारिवारिक बटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026



## आबकारी विभाग की कार्रवाई, 81 हजार रुपए के महुआ शराब एवं लाहन जब्त

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए 81 हजार रुपये के अवैध महुआ शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल वृत्त के अंतर्गत आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी श्याम पटेल हाल मुकाम ग्राम सैहाभाटा थाना कसडोल के कब्जे से 45 बल्क लीटर महुआ शराब, बाजार मूल्य 9 हजार रूपये होना पाया गया एवं 30 किलोग्राम क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में 40 नग कुल 1200 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया।

# इंजीनियरिंग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, समाप्त हो पे-फॉर-सर्टिफिकेट का काला बाज़ार: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने देश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त एक गंभीर विसंगति को संसद के पटल पर रखते हुए केंद्र सरकार से क्रांतिकारी सुधारों की मांग की है। नियम 377 के तहत सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने एआईसीटीई (ब्ष्टज्ञश्व) की इंटर्नशिप पॉलिसी में स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स की ज़रूरत पर बल दिया और पे-फॉर-सर्टिफिकेट के फलते-फूलते फर्जी मार्केट को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है।

सांसद अग्रवाल ने बताया कि देश के लगभग 5000 इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रतिवर्ष 15 लाख छात्र दाखिला लेते हैं। एआईसीटीई के नियमों के तहत दूसरे, चौथे, छठे और सातवें सेमेस्टर के बाद छात्रों के लिए औद्योगिक इंटर्नशिप अनिवार्य है।

श्री बृजमोहन का कहना है कि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकांश कॉलेज छात्रों को इंटर्नशिप दिलाने में कोई सहायता नहीं करते। इसी लाचारी का फायदा उठाकर %बोगस कंपनियों% ने एक खतरनाक मार्केट बना लिया है, जहाँ छात्र कौशल सीखने के बजाय केवल पैसे देकर प्रमाण पत्र खरीद रहे हैं।

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के लगभग 46% छात्रों ने बिना कोई हुनर सीखे केवल डिग्री की औपचारिकता पूरी करने के लिए निजी कंपनियों को पैसे देकर सर्टिफिकेट खरीदे हैं। उन्होंने इसे देश की बौद्धिक संपदा और इंजीनियरिंग के भविष्य के साथ एक बड़ा धोखा करार दिया।



बृजमोहन अग्रवाल, बीजेपी, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**सांसद बृजमोहन ने कॉलेजों में इंटरनल इनोवेशन सेल का दिया प्रस्ताव**

श्री अग्रवाल ने पे-फॉर-सर्टिफिकेट के तहत फर्जी इंटर्नशिप सर्टिफिकेट बेचने वाली बोगस संस्थाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है साथ ही कहा है कि, कॉलेजों के भीतर ही इंटरनल इनोवेशन सेल बनाए जाएं। यहाँ छात्रों को उद्योग जैसा ही वातावरण और लाइव प्रोजेक्ट्स उपलब्ध कराए जाएं, ताकि जो छात्र बाहर इंटर्नशिप नहीं पा सकते, उन्हें कॉलेज परिसर में ही वास्तविक कार्य अनुभव और वैध सर्टिफिकेट प्राप्त हो सके।

**युवाओं के कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता-** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के इस दूरदर्शी सुझाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत का इंजीनियर केवल डिग्रीधारी न हो, बल्कि वह कौशल से भी लैस हो। उनके इस कदम की शिक्षाविदों और छात्र संगठनों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है, क्योंकि यह सीधे तौर पर देश के लाखों युवाओं के भविष्य और आत्मनिर्भर भारत के सपने से जुड़ा है।

# नवीन पुलिस उपायुक्त कार्यालय व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नार्थ का हुआ शुभारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज पुलिस कमिश्नरेट रायपुर में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जी ई रोड लाल गंगा मॉल के सामने स्थित *नवीन पुलिस उपायुक्त, उत्तर क्षेत्र कार्यालय (DCP North) एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नार्थ कार्यालय (ADCP North) का शुभारंभ किया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर क्षेत्र)/ DCP (North) तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर क्षेत्र)/ ADCP (North) कार्यालय के अंतर्गत निम्नलिखित थानों का पर्यवेक्षण किया जाएगा: गुढ़ियारी, खमतराई, उरला, पंडरी तथा खम्हारडीह। कार्य संचालन- DCP NORTH कार्यालय में श्री मयंक गुर्जर (भापुसे) पुलिस उपायुक्त उत्तर रायपुर के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर रायपुर श्री आकाश मरकाम भी बैठकर अपने प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन करेंगे।

# मैक स्वर्णिम यादों के साथ भावभीनी विदाई, सिआओ फेयरवेल पार्टी का आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज Computer Science, Computer Application, Interior Design , Fashion Design and Commerce department के द्वारा 27 एवं 28 फरवरी 2026 को महाविद्यालय के मैक ऑडिटोरियम में स्वर्णिम - गेट टुगेदर एवं (CIAO) from firtst hello to last goodbye'' थीम पर भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण विदाई देना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना रहा। कॉलेज के चेयरमैन श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी श्रीमती सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी एवं उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

# ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल ने कल्चरल शान के साथ 8वां फाउंडेशन डे मनाया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल ने गुरुवार को अपना 8वां फाउंडेशन डे बड़े जोश और कल्चरल वाइब्रेंसी के साथ मनाया। इस इवेंट में ,स्र्य फाउंडेशन के चेयरमैन श्री कृष्ण कुमार नथानी और श्री अनुराग नथानी गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शामिल हुए। सेलिब्रेशन की शुरुआत स्कूल स्टाफ ने खास मेहमानों का फूलों से गर्मजोशी से स्वागत करके की, जिससे इस मौके का माहौल खुशनुमा और त्योहार जैसा बन गया। अलग-अलग ग्रेड के स्टूडेंट्स ने कई ज़बरदस्त परफॉर्मेंस के ज़रिए अपना टैलेंट दिखाया। शाम की एक खास बात ग्रेड 6 के स्टूडेंट्स का शिव तांडव पर एक एनर्जेटिक बैंड परफॉर्मेंस था, जिसे दर्शकों ने अपनी दमदार प्रेजेंटेशन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन दिया। प्रोग्राम में ह्यूमर और थिएटर का तड़का लगाते हुए, ग्रेड 5 के स्टूडेंट्स ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के मशहूर नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा पर आधारित एक कॉमेडी ड्रामा पेश किया। उनकी जानदार एक्टिंग और कॉमिक टाइमिंग ने ऑडिटोरियम को हंसी और तालियों से भर दिया। प्रोग्राम में ग्रेड 4 के स्टूडेंट्स ने दिल को छू लेने वाला गाना भी पेश किया, लहरों से डरकर नौका, पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, जिससे हिम्मत और पक्के इरादे का एक मज़बूत मैसेज दिया। इवेंट की एक खास बात टीचर्स की खूबसूरत जुगलबंदी थी, जिसमें वेस्टर्न म्यूज़िक पर इंडियन डांस फॉर्म्स को खूबसूरती से पेश किया गया, जो ट्रेडिशनल और मॉडर्न कल्चर के मेल को दिखाता है। भारत की अनेकता में एकता की भावना को दिखाते हुए, टीचर्स ने हिंदी और इंग्लिश के अलावा राजस्थानी, गुजराती, तेलुगु, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, संस्कृत, भोजपुरी, मराठी, सिंधी, बंगाली, मैतेई (मणिपुरी), ओडिया और मलयालम जैसी कई इंडियन भाषाओं में शुभकामनाएं दीं।




# मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय और सेक्रो रायपुर के संयुक्त तत्ववधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 11 मार्च 2026 को उल्लास रेल अधिकारी क्लब रायपुर में मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय और सेक्रो (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ) रायपुर के संयुक्त तत्ववधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद और विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती शिखा सिंह थी कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया गया था। प्रथम चरण में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई एवं महिला रोग एवं जागरूकता से संबंधित विषय पर डॉ. अर्पिता नामदेव के द्वारा स्पीच भी दी गई इसके बाद महिलाओं के लिए अलग-अलग तरह के खेलों का भी आयोजन किया गया । दोपहर भोजन पश्चात को मुख्य कार्मिक अधिकारी, आईआर - डॉ.दर्शनीता बी. अहलुवालिया द्वारा 08 मार्च को लॉन्च किए गए शाइन पोर्टल (Sexual Harassment Incident Notification-SHIN) जो कि महिलाओं की शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण और निवारण से संबंधित पोर्टल है की जानकारी दी गई, जिसका पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग द्वारा दिया गया । इसके साथ ही डॉ.दर्शनीता बी. अहलुवालिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कार्यालयीन समस्याओं को पूछकर उनका शीघ्र निवारण करने की बात कही। कार्यक्रम के अगले चरण में मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित रहे । अपने स्वागत भाषण में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग ने कविताओं के माध्यम से नारी जागरूकता की प्रेरणा देते हुए नारी जागरूकता का आवाहन किया द्य कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिखा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी माँ बेटा या बेटी होने पर दुखी नही होती।



# भारत का चौथा सबसे बड़ा सहकारी बैंक टीजेएसबी रायपुर में खोलेगा शाखा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत का चौथा सबसे बड़ा सहकारी बैंक टीजेएसबी सहकारी बैंक लिमिटेड, जिसका व्यवसायिक आकार ?24,500 करोड़ से अधिक है, ने आज छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में अपनी पहली शाखा खोलने की घोषणा की। यह कदम बैंक के देशभर में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संबंध में रायपुर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में टीजेएसबी सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शरद गांगल, उपाध्यक्ष श्री वैभव सिंगवी तथा व्यवस्थापकीय संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निखिल आरेकर ने बैंक की विस्तार योजनाओं और रायपुर शाखा के शुभारंभ के बारे में जानकारी दी। रायपुर शाखा का औपचारिक उद्घाटन 13 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के करकमलों से तथा माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा।




टीजेएसबी सहकारी बैंक पिछले पाँच दशकों में निरंतर विकास करते हुए महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित पाँच राज्यों में 160 से अधिक शाखाओं के माध्यम से अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित कर चुका है। रायपुर शाखा के शुभारंभ के साथ बैंक छठे राज्य में प्रवेश करेगा, जिससे देशभर में उसकी बढ़ती उपस्थिति और सुदृढ़ होगी।

# जिन्दल स्टील ओडिशा में दो लौह अयस्क ब्लॉकों के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जाने-माने उद्योगपति श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनीजिन्दल स्टील लिमिटेडने अपनी विकास यात्रा में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्र निर्माण को समर्पितजिन्दल स्टील को ओडिशा के क्योंझर जिले में दो प्रमुख लौह अयस्क ब्लॉकों के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है। ओडिशा सरकार ने दिसंबर 2025 में अधिसूचित 12 खनिज ब्लॉकों की ऑनलाइन नीलामी के सफल समापन के बाद यह घोषणा की है।

जिन्दल स्टील को पहले ठाकुरानी-ए-1 लौह अयस्क ब्लॉक कापसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया। यह ब्लॉक लगभग 202हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, इसमें जी-3 स्तर के लौह अयस्क की पुष्टि हुई है। इस ब्लॉक में लगभग50 मिलियन टनलौह अयस्क का भंडार है।कंपनी ने इसके लिए सरकार को101.20 प्रतिशतप्रीमियम देने का वचन दिया है। दूसरा ब्लॉक रेंगालाबेरहा उत्तर-पूर्व विस्तार और नुआगांव पश्चिम ब्लॉक है, जोलगभग 84 हेक्टेयर में फैला हुआ है।इसमें जी-2स्तर तक के लौह अयस्क की पुष्टि हुई है। यहां अनुमानित38 मिलियन टनलौह अयस्क का भंडार है।

**जिन्दल स्टील के बारे में:** जिन्दल स्टील लिमिटेडभारत की सबसे बड़ी और अग्रणी स्टील कंपनियों में से एक है।श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह कंपनी अपनी कार्यकुशलता और बेहतरीन क्वालिटी के लिए जानी जाती है।

# रेल प्रबंधक दयानंद ने यूपीएससी चयनित वैभवी अग्रवाल को दी शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाली वैभवी अग्रवाल ने रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों ने उन्हें उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने सुश्री वैभवी अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी एवं उनके चयन प्रक्रिया की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर वैभवी अग्रवाल के परिजन अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारी, संजय अग्रवाल, पीयूष केडिया उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने सुश्री वैभवी अग्रवाल को उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में आपका चयन आपके परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। आपकी यह उपलब्धि न केवल आपके परिवार बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। आपकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से आपने जो मुकाम हासिल किया है, वह सराहनीय और अनुकरणीय है। आपने अपनी प्रतिभा और लगन से यह सिद्ध किया है कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने सामाजिक सरोकार के तहत रायपुर के चार सरकारी स्कूलों की मदद की

**रायपुर (विश्व परिवार)।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा तक पहुँच को सुदृढ़ करने और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत रायपुर के चार विद्यालयों को सहयोग प्रदान किया है। इस पहल को औपचारिक रूप से रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चिह्नित किया गया, जिसमें अस्पताल के प्रतिनिधियों और विद्यालय नेतृत्व ने भाग लिया।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल और नारायणा हेल्थ लिमिटेड की सीएसआर (ष्टस्क्र) पहल के संयुक्त प्रयास से संचालित यह कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला, फुंडहर; शासकीय प्राथमिक शाला, देवपुरी; स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर; तथा शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, टिकरापारा, रायपुर को समर्थन प्रदान करता है। ये सभी विद्यालय मिलकर क्षेत्र के लगभग 2500 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हैं।





इस पहल के अंतर्गत अस्पताल द्वारा बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण, दीवारों की पेंटिंग, वाटर कूलर की व्यवस्था, तथा विद्यालयों के पुराने ढाँचों को हटाकर नए फेसाड (मुखौटा) लगाने जैसे कार्यों में सहयोग दिया गया है। इन सुधारों का उद्देश्य विद्यालयों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाना और विद्यार्थियों के लिए अधिक सुरक्षित तथा सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करना है, जिससे वे बेहतर ढंग से सीख सकें और आगे बढ़ सकें। नारायणा हेल्थ के सीएसआर कार्यक्रम समुदाय के विकास पर केंद्रित हैं। ऐसी पहलों के माध्यम से संगठन का उद्देश्य ऐसे वातावरण का निर्माण करना है जो विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपनी शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करे।

अजीत बेल्लमकोंडा, फैसिलिटी डायरेक्टर, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने कहा, हम मानते हैं कि मजबूत समुदाय अच्छे स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव पर निर्मित होते हैं। रायपुर के विद्यालयों का सहयोग कर हम ऐसे शिक्षण वातावरण के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं जहाँ विद्यार्थी प्रोत्साहित, समर्थित और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित महसूस करें।

# 101 उत्कृष्ट महिलाएं हुई सम्मानित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मिशन महिला शक्ति महाअभियान के अंतर्गत राजधानी रायपुर में दिनांक 8 फरवरी 2026 से 8 मार्च 2026 तक महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार को लेकर एक व्यापक जनजागरण अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का सफल नेतृत्व उत्कल गांड़ा महिला महामंच की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जगत के द्वारा किया गया, जिसमें राजधानी रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों की सैकड़ों-हजारों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अभियान का भव्य समापन दिनांक 9 मार्च 2026 को आयोजित महतारी सम्मान 2026 कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# संपादकीय

## मुकदमे की कार्यवाही

हालिया न्यायिक निर्णयों ने इस धारणा की पुष्टि की है कि सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ। जिन साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज हुए, उनका सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। कथित शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 23 अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मामला खारिज करते हुए जज ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर गौर करने के बाद शायद ही किसी के मन शक बचे कि ये पूरा मामला बदनीयती से गढ़ा गया था। उसके एक दिन पहले पंचकूला से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में भी ऐसा ही बड़ा फैसला आया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को क्लीन चिट दे दी। मामला पंचकूला में संस्थागत प्लॉट के दोबारा आवंटन से जुड़ा था। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 2006 में इस निर्णय को विधिवत मंजूरी दी थी, इसलिए मामले में अनियमितता के सारे इल्जाम बेबुनियाद हैं। उसके पहले बीते दिसंबर में नेशनल हेराल्ड मामले में ही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की मनी लॉन्ड्रिंग चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। इन घटनाओं ने इस आम धारणा की पुष्टि की है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ है। एजेंसियों ने जिन कथित साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज किए, उनका जब सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि ऐसे सारे मामलों में मुकदमे की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर चलाई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। किसी भी व्यक्ति पर सालों साल मुकदमों का साया डाले रखना या अभियुक्तों को जेल में रखना (जैसाकि दिल्ली दंगों और भीमा कोरेगांव जैसे मामलों हुआ है) किसी रूप में उचित नहीं है। इससे भारत में प्रक्रिया ही दंड है- जैसी दुर्भाग्यपूर्ण धारणा लोगों के मन में गहराती चली गई है। सर्वोच्च न्यायपालिका ने जमानत जैसे बुनियादी तकाजे के बारे में भी तत्परता ना दिखाकर ऐसी धारणा को मजबूत किया है। नतीजतन, आपराधिक न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। अतः सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित होगा कि वह राजनीतिक प्रकृति के तमाम संदिग्ध मामलों में जल्द सुनवाई सुनिश्चित कराए।

# प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी के कूटनीतिक मायने

योगेंद्र योगी

सितंबर 2024 में खामेनेई ने एक और पोस्ट में भारत का उल्लेख किया, जिसे विदेश मंत्रालय ने भ्रामक बताया। हर बार भारतीय पक्ष ने औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई थी। भारत का तटस्थ रुख उसे एक मध्य मार्ग पर रखता है- अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करते हुए किसी भी गुट को नाराज करने से बचता है। अमरीका-ईरान युद्ध के आगे बढने् के साथ भारत का रुख भी बदलता रहेगा। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि स्थिति किस तरह से सामने आती है, चाहे इससे व्यापक युद्ध छिड़े, राजनयिक वार्ता हो या ईरान में सत्ता परिवर्तन हो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी ने कई तरह के राजनीतिक और कूटनीतिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमरीका द्वारा ईरान पर हमला करने के बाद भारत में ईरान के दूतावास ने दुनिया भर की सरकारों से आग्रह किया था कि वे अमेरिका-इजराइल द्वारा तेहरान पर किए गए हमले और उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मार दिए जाने की कड़ी निंदा करें। ईरानी दूतावास ने कहा था कि भारत स्थित इस्लामिक गणराज्य, ईरान का दूतावास दुनिया भर की आजाद और स्वतंत्रता की पक्षधर सरकारों से इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करने तथा अराजकता एवं आक्रामकता के सामने खामोश नहीं रहने का आह्वान करता है। इसके बावजूद केंद्र सरकार की तरफ से निंदा का कोई बयान नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की निंदा करने के बजाय कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा था कि ऐसे विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही संभव है। उन्होंने दोहराया कि भारत की नीति हमेशा शांतिपूर्ण समाधान की रही है। सरकार का कहना है कि किसी भी संघर्ष की स्थिति में बातचीत का रास्ता अपनाना जरूरी है। मोदी की तरफ से अपेक्षित बयान नहीं आने पर विपक्षी दल भडक़ गए। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की लक्षित हत्या पर मोदी सरकार की चुप्पी को लेकर कहा कि उनका यह रुख भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा करता है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय



सिंह ने याद दिलाया कि कैसे पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया था, जो मई 2024 में अजरबैजान में एक हेलीकॉप्टर क्रैश में सात लोगों के साथ मारे गए थे। संजय सिंह ने कहा मोदी जी, आज क्या हुआ? आपने ईरान के प्रेसिडेंट की मौत पर राष्ट्रीय शोक घोषित किया था। आप ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर एक भी शोक ट्वीट करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए अमेरिका जिम्मेदार है। भारत का किसी एक देश के लिए यह दृष्टिकोण कोई अपवाद नहीं है, बल्कि भारत की पारंपरिक विदेश नीति के सिद्धांतों के अनुरूप है- जटिल संघर्षों में प्रत्यक्ष गठबंधन से बचना और स्थिरता को प्राथमिकता देना है। भारत की प्रतिक्रिया कई वैश्विक शक्तियों की प्रतिक्रिया के समान है, जिनमें से कई ने संवेदना व्यक्त करने या सीधे तौर पर निंदा करने से परहेज किया है। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के 57 सदस्यों में से बहुत कम देशों ने शोक व्यक्त किया। रूस, चीन, उत्तर कोरिया, इराक, तुर्की, पाकिस्तान और मलेशिया जैसे कुछ देशों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे निंदनीय बताया, जबकि चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने घटना को स्वीकार्य नहीं कहा। इराक में तीन दिन का शोक घोषित किया गया। हालांकि अधिकांश मुस्लिम बहुल देशों ने औपचारिक रूप से संवेदना व्यक्त नहीं की। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर संयम और संवाद की अपील की। साथ ही ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात के सहयोगियों पर किए गए हमलों की आलोचना भी की गई। सरकार का कहना है कि भारत का रुख राष्ट्रीय हितों और क्षेत्रीय स्थिरता को ध्यान में रखकर तय किया गया है। गौरतलब है कि खाड़ी देशों से भारत के द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन सरकार ने इसे साम्प्रदायिक रूप देने की बात से दूरी बनाए रखी है। ऐसा नहीं है कि भारत ने किसी देश के मामले में ऐसा स्टैंड पहली बार लिया हो, यह रुख पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर देखा गया है, जहां भारत ने सीधे बयान देने के बजाय संतुलित कूटनीतिक भाषा का उपयोग किया है। भारत की अमरीका-ईरान युद्ध पर सतर्क भाषा रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे पूर्व के संकटों से बिल्कुल अलग है, जिनमें भारत ने प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच संबंधों को संतुलित करने का प्रयास किया था। दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की फोन कॉल पर यूएई के बयान में कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसमें संकेत दिया गया था कि प्रधानमंत्री मोदी यूएई द्वारा जवाबी कार्रवाई में उठाए जाने वाले किसी भी कदम का समर्थन करते हैं। बयान में कहा गया था कि भारतीय प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा अपनी संप्रभुता की रक्षा, अपनी सुरक्षा की सुरक्षा और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे सभी उपायों में भारत की एकजुटता व्यक्त की। नेतन्याहू से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने घटनाक्रम पर भारत की चिंताओं को व्यक्त किया और शीघ्र युद्धविराम का आह्वान किया। गौरतलब है कि मोदी के नेतृत्व में भारत-इजराइल संबंधों को काफी मजबूती मिली है और तेल अवीव नई दिल्ली के शीर्ष रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदारों में शुमार है। इजराइल को निर्यात होने वाले हथियारों में भारत की हिस्सेदारी 38 फीसदी से अधिक है। हाल के वर्षों में संबंधों में तनाव के बावजूद, ईरान चाबहार बंदरगाह जैसी कनेक्टिविटी परियोजनाओं और मध्य एशिया तक क्षेत्रीय पहुंच के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर, भारत ने इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपने संबंधों को काफी मजबूत किया है। ये दोनों ही वर्तमान संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ईरान से व्यापारिक रिश्ते होने के बावजूद कई मौकों पर ईरान ने भारत के खिलाफ प्रतिक्रियाएं दी थी। इस दृष्टि से ईरान भारत का विश्वसनीय सांझेदार कभी नहीं रहा। जबकि अमरीका और इजरायल ने भारत के संवेदनीशल मुद्दों पर कभी ऐसा नहीं किया। इसके विपरीत इजरायल ने हमेशा भारत के रुख का ही समर्थन किया है। साल 2017 से 2024 के बीच अयातुल्ला खामेनेई ने चार बार भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी की थी। 2017 में उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर बयान दिया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद उन्होंने नीति पर सवाल उठाया। 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की जिसे भारत ने आपत्तिजनक बताया। ईरान की संसद ने नागरिकता संशोधन अधिनियम पर भी आलोचना की थी। सितंबर 2024 में खामेनेई ने एक और पोस्ट में भारत का उल्लेख किया, जिसे विदेश मंत्रालय ने भ्रामक बताया। हर बार भारतीय पक्ष ने औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई थी। भारत का तटस्थ रुख उसे एक मध्य मार्ग पर रखता है- अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करते हुए किसी भी गुट को नाराज करने से बचता है। अमरीका-ईरान युद्ध के आगे बढने् के साथ भारत का रुख भी बदलता रहेगा। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि स्थिति किस तरह से सामने आती है, चाहे इससे व्यापक युद्ध छिड़े, राजनयिक वार्ता हो या ईरान में सत्ता परिवर्तन हो।

## आलेख

# सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे!

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक नया जुमला बोला। उन्होंने एआईओ 'मानव' की बात कही। पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार यही काम करती रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की पूरी टीम इसी काम में लगी रहती है कि कैसे हिंदी, अंग्रेजी और जरुरत हो तो उर्दू के शब्दों के पहले अक्षर लेकर एक शब्द बनाया जाए। कुछ दिन पहले ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी कानून बना। सोचें, कितनी मेहनत लगी होगी इस कानून को जी राम जी नाम देने में। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के शब्द एक साथ शामिल किए गए।

उसी तर्ज पर 'मानव' का जुमला प्रधानमंत्री ने बोला है। यह एक हिंदी शब्द है, जिसके अंग्रेजी अक्षरों एमएएनएवी से बना कर कुछ मैसेज देने की कोशिश की गई। इसमें एम फॉर मोरल यानी नैतिक, ए फॉर अकाउंटेबिलिटी यानी जवाबदेही, एन फॉर नेशनल सॉवरेनिटी यानी राष्ट्रीय संप्रुभता, ए फॉर एक्सेसिबल यानी सुगम और वी फॉर वैलिड यानी वैध। ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो 'मानव' का जुमला दे डाला।

इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए गूगल के सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मुलाकात से बाहर निकले तो मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण देगी। यह काम दशकों से हो रहा है। अमेरिका और यूरोप के देश तकनीक बनाते हैं और उसे भारत में बेचने से पहले भारत को लोगों को उसका प्रशिक्षण देते हैं। ताकि वे उसके उपयोक्ता बन सकें। यही काम कंप्यूटर और ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में 40 साल पहले हो रहा था और अब एआई के मामले में हो रहा है। लेकिन यहां भी प्रधानमंत्री की टीम जुमला उछालने से बाज नहीं आई। गूगल के पेशेवर भारत सरकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे और उस परियोजना का नाम 'कर्मयोगी' होगा। सोचें, भारत के सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे! ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों से आम नागरिकों की शिकायत यह रहती है कि वे कामचोर होते हैं और रिश्वत लेते हैं। तो क्या अब एआई से कैसे कामचोरी करें और कैसे रिश्वत लें इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी? यह भी सवाल है कि जब भारत विश्वगुरू है तो अमेरिका की कंपनी के लोग भारत के कर्मचारियों को क्यों ट्रेनिंग देंगे? कायदे से तो मोदीजी को भारत से लोगों को भेजना चाहिए था, जो अमेरिका और यूरोप के लोगों को ट्रेनिंग देंगे। दुनिया हमको सिखाएगी एआई चलाना और जबकि हम अपने को विश्वगुरू कहते हैं! संसद के बजट सत्र में एक दिन राज्यसभा की कार्यवाही में कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस मामले में अच्छा कहा। राजीव शुक्ला ने कहा कि गुरू होने के लिए शिष्य की जरुरत होती है। लेकिन भारत के पास शिष्य कहां हैं? उन्होंने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ कई देश खड़े रहे लेकिन भारत के साथ एक भी देश खड़ा नहीं हुआ। यह कैसा विश्वगुरू देश है, जिसके साथ जरुरत पड़ने पर कोई देश खड़ा नहीं हो? बहरहाल, जी राम जी, मानव, कर्मयोगी जैसे जुमलों की भारत में कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यालय को तीर्थ बना लिया। अब पीएमओ का नाम सेवा तीर्थ है और वहां लिखा हुआ है, नागरिक देवो भव। यह मामूली बात है कि पांच किलो अनाज और पांच सौ रुपए का मासिक अनुदान पाने वाले नागरिक भी मोदीजी के भारत में देव का दर्जा रखते हैं।

# निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग

प्रतापराव जाधव द्वारा



बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्त रोत्तवर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्तै जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं। मोरारजी देसाई राष्ट्री य योग संस्था न (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025ङ्क2029 के लिए इसे फ्रि से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तिक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्था न की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं। इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है। संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है डिजिटल प्लेरटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। द्व-ड्डश्चद्दड्ड मोबाइल एप्लिकेशन और ड्ड-क्व्ह्द्दड्डद्य प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्वि बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्वै स्वास्स्य् च संगठन के सहयोग से विकसित किए गए द्व-ड्डश्चद्दड्ड प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम ड्ड-क्व्ह्द्दड्डद्य — जो काम के दौरान 5ङ्क10 मिनट का सरल योग ब्रेक है — से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है। इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। ड्ड क्व्ह्द्दड्डद्य अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं। शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं—ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। ड्ड-क्व्ह्द्दड्डद्य अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने , कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्यङ्कजीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है। एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलनङ्क2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्वो पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्प ष्टि स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं। ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्ततरोत्तेर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें। योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

# साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे

अजीत द्विवेदी

उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानमंद के साथ जो हो रहा है वह भारतीय समाज के अंदर पल रही एक बड़ी बीमारी का लक्षण है। वह बीमारी धार्मिक और सामाजिक विभाजन की है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए बढ़ाया जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि देश और समाज इस कदर निभाजित हुआ है। पहले समाज के स्तर पर विभाजन चुनावों के समय दिखते थे। हालांकि वह भी बहुत सीमित होता था। लेकिन आज स्थायी रूप से एक विभाजन दिखता है और दुर्भाग्य की बात यह है कि नेताओं के साथ साथ धर्मगुरु, आध्यामिक कार्यों में लगे लोग और साधारण से लेकर शंकराचार्य के स्तर तक साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे हुए हैं। लोग साधु, योगी और कथावाचक की जाति खोज ले रहे हैं और फिर उस आधार पर उसके समर्थन या विरोध में खड़े हो जाते हैं। लेकिन यह किसी स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत नहीं हो रहा है। केंद्र की मौजूदा सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित तरीके से इस विभाजन को बढ़ा रही है। शंकराचार्य का मामला और यूजीसी की नियमावली इसके दो ताजा संकेत हैं। बहरहाल, यह दुर्भाग्य है कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और इसके 140 करोड़ लोगों के नैतिक, धार्मिक या आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करने वाले साधु या संत या धर्मगुरू खोजने से नहीं मिलेंगे लेकिन नफरत फैलाते साधु संत चारों तरफ मिल जाएंगे। इतिहास में कभी भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा ऐसी नहीं रही थी। ईसाई धर्मगुरू भड़काऊ बातें करते थे और झूठे सच्चे वादे करके धर्म परिवर्तन कराते थे या इस्लाम के प्रचारक मौलाना आदि भड़काऊ भाषणों से लोगों को उकसाते थे, जिहाद के लिए प्रेरित करते थे लेकिन हिंदू साधु संत इस तरह के काम नहीं करते थे। यह अंतर बहुत साफ दिखता था और ऐसा इसलिए भी है क्योंकि बुनियादी रूप से ईसाई और इस्लाम दोनों राजनीतिक धर्म हैं, जो लालच या भय से फैलाए गए हैं। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवाद को फैलाने वाली शक्तियों के तौर पर ईसाई पादरियों और चर्च को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि पहले इनके पादरी आते हैं, फिर इनके व्यापारी आते हैं और अंत में इनकी सेना आती है। इसी तरह इस्लाम तलवार के दम पर फैलता है यह आरोप अक्सर लगते रहते हैं। लेकिन इस तरह की बातें हिंदू धर्म को लेकर नहीं कही जाती हैं तो इसका कारण यह था कि हिंदू धर्म के शंकराचार्य हों या दूसरे साधु संत हों वे समाज सुधार के कार्यों में रहते थे या धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक श्रेष्ठता प्राप्त करने के उपक्रमों में रहते थे। समय के साथ साथ इसमें बड़ा बदलाव आया है। अब भारत के साधु संत खुल कर राजनीति की बातें करते हैं। पार्टियों और नेताओं का समर्थन करते हैं। पांच हजार साल की सनातन परंपरा से अलग हट कर इस या उस नेता को हिंदू धर्म के रक्षक के रूप में रेखांकित करते हैं। सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली बातें करते हैं। जाति और धर्म को लेकर ऐसी टिप्पणियां करते हें, जैसी टिप्पणी करने से नेता भी हिचकते हैं। देश के सम्मानित माने जाने वाले साधु संत महिलाओं को लेकर ऐसी अनर्गल बातें करते हैं, जिन्हें सुन कर सिर शर्म से झुक जाता है। आज साधु संतों का आकलन उनकी योग्यता या धार्मिक, आध्यात्मिक उपलब्धियों के आधार नहीं किया जाता है, बल्कि इस आधार पर किया जाता है कि उसके आश्रम में कितनी भीड़ जुटती है, उसके आगे पीछे कितनी गाड़ियां चलती हैं, उसके आश्रम में कौन नेता, अभिनेता या खिलाड़ी पहुंचा, उसे कैसी सुरक्षा मिली हुई है आदि आदि। अगर धर्मगुरू चार्टर्ड फ्लाइट से चलता है तो वह सर्वश्रेष्ठ मान लिया जाएगा भले उसकी बातें कितनी भी मूर्खतापूर्ण और समाज का विभाजन करने वाली क्यों न हों। यह स्थिति एक राष्ट्र और समाज के रूप में भारत को रसातल में ले जा रही है। बहरहाल, विषयांतर हो गया लेकिन प्रयागराज वे माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ जो हुआ और अब जिस तरह से एक दूसरे संत के हिस्ट्रीशीटर शिष्य द्वारा उनके खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया गया है वह इस गंभीर व्याधि का एक लक्षण है। सबको पता है कि अविमुक्तेश्वरानंद वाचाल हैं। वे शंकराचार्य स्वरूपानंद के शिष्य हैं और अपने गुरू की तर्ज पर खूब बयानबाजी भी करते हैं। उनके बयान अक्सर भाजपा और उसकी केंद्र व राज्यों की सरकारों के खिलाफ होते हैं। उन्होंने पिछले साल के कुंभ मेले में हुई भगदड़ और उसकी मौतों को लेकर तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। इस आधार पर उनको भाजपा विरोधी और कांग्रेस समर्थक साधु माना जाता है। हालांकि वे कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ भी बोलते रहते हैं। प्रयागराज में उनके साथ जो हुआ और उसके बाद से जो हो रहा है वह उनकी राजनीतिक सक्रियता से जुड़ा हुआ है। शुरुआत मौनी अमावस्या के दिन हुई, जब वे अपनी पालकी से शाही स्नान के लिए जा रहे थे और उनकी पालकी रोक दी गई है। प्रोटोकॉल का हवाला दिया गया। जब उनके शिष्यों ने आगे बढ़ने का उपक्रम किया तो बल प्रयोग करके सबको रोका गया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पालकी की क्षत्रप टूट गई और उनके शिष्यों को, जिनमें वेदपाठी ब्राह्मण बटुक थे, गिरा गिरा पर लातों, घूसों से पीटा गया। इसके बाद जब वे अन्न, जल त्याग कर अनशन पर बैठे तो उनको एक नोटिस भेज दिया गया कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तो वे अपने को शंकराचार्य क्यों कह रहे हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि मेले का प्रोटोकॉल एक बात है लेकिन धर्मगुरुओं के स्नान की परंपरा तो धर्मगुरु ही तय करते हैं। कोई भी धार्मिक परंपरा सरकार नहीं तय करती है। वह धर्मगुरू तय करते हैं। इसी तरह किस संत का पट्टाभिषेक किस रूप में हुआ है यह भी तय करना प्रशासन का काम नहीं है। देश में अनगिनत अखाड़े, मंदिर, मठ, आश्रम आदि हैं उनमें प्रधान तय करने का अपना सिस्टम है। स्वंय योगी आदित्यनाथ को उनके गुरू योगी अवैद्यनाथ ने गोरक्षापीठ का महंत नियुक्त किया। ऐसे ही शंकराचार्य की नियुक्ति शंकराचार्य करते हैं। अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति उनके गुरू स्वरूपानंद ने की थी। इसके अलावा दूसरी परंपरा यह है कि चारों शंकराचार्य, जिसको शंकराचार्य मानेंगे वही असली होगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## श्री आदिनाथ जयंती समारोह पर हुआ भगवान का महामस्तिष्काभिषेक

**अशोक नगर।** युग के आदि में अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश देने वाले जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर इस धरती के पहले चक्रवर्ती सम्राट राजा रिषभ देव जिन्हें आदि ब्रह्माम आदिनाथ स्वामी के नाम से जाना गया कि जन्म जयंती श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में जिनशासन एकता संघ के संयोजन में भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया इस दौरान राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ द्वारा डॉक्टर्स वकील शिक्षाविदो प्रशासनिक अधिकारियों सभी धर्मों के आमंत्रित कर भगवान आदिनाथ जी का जन्म कल्याणक बहुत ही प्रभावना के साथ मनाया

समारोह के प्रारंभ में भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर जिन शासन एकता संघ के अध्यक्ष विपिन सिंघई हेमंत टडैया सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया

विश्व युद्ध की राह पर खड़ी दुनिया को भगवान रिषभ देव के सिद्धांतों की जरूरत -विजय धुर्रा

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज का पवित्र पावन दिन हमारे वर्तमान काल के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव का है राजा रिषभ देव इस धरती के पहले सम्राट थे उन्होंने अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश देकर मानवता की कड़ियों को फिर से एक सूत्र में बंधा आज उनके सिद्धांतों की विश्व को आवश्यकता है विश्व शांति के लिए राजा रिषभ देव के सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत है

जिन शासन एकता संघ के अध्यक्ष विपिन सिंघई ने कहा कि हमारे जिले में भरपूर पूरा सम्पदा भरी पड़ी है दर्शन तीर्थ थूवोनजी चन्द्रेरी कदवया मियां दांत जहां भगवान रिषभ देव आदि नाथ की विशाल प्रतिमाए जगत को विश्व शांति का सन्देश दे रही है हम सब उनके उपदेश से अपने जीवन को धन्य बनाये

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दिनेश रघुवंशी ने कहा कि नर से



नारायण वनने की कठिन डगर पर राजा रिषभ देव चले उनकी घनघोर तपस्या का वेदों में विशेष उल्लेख किया गया है उसी तपस्या के कठोर पथ पर हमारे आचार्य भगवंत विद्या सागर जी महाराज राष्ट्र संत श्री सुधासगार जी महाराज चल रहे हैं हमने उनकी कठिन साधना को नगर में देखा है उनके सान्निध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सतावदी समारोह इस गंज मैदान में मनाया गया जैन युवा वर्ग से डा हेमंत टडैया ने कहा कि राजा रिषभ देव नारी शिक्षा के प्रवल पक्षधर थे उन्होंने बेटियों की शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए स्वयं राज्य व्यवस्था में व्यस्त रहते हुए भी ब्रह्ममी सुन्दरी को अंक अक्षर का ज्ञान कराया कर सभी कलाओं में पारंगत कराया हमें इस बात से शिक्षा लेना है कि हम ऐसे विद्यालयो में वच्चो को पड़ने भेजें जहां बेटा बेटियो के अलग बैठने की व्यवस्था हो चाहता है ऐसी शिक्षा का प्रसार करना है इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने सभी महानुभावों को आदि ब्रह्म परमेश्वर श्री आदिनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महा महोत्सव की बहुत बहुत बधाइयां शुभकामनाएं देते हुए सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के प्रेरणा दायक विचार से हम अपने जीवन को और अधिक उन्नत बनायेंगे इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद मध्य भारत के धर्म प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा अशोक रधुवंशी रिषभ बाझल राकेश गुप्ता सहित सभी प्रमुख जनो का पंचायत कमेटी द्वारा बहुमान किया गया ।

## संपदा एकडमी का मुनि श्री के सानिध्य में हुआ शिलान्यास

**ललितपुर।** निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नेशनल हाईवे पर उच्चशिक्षा हेतु शिक्षा एकडमी का शिलान्यास हुआ जिसको सम्बोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में पिछडेपन को दूर करने के लिए जैन समाज ने जो कदम उठाया है इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा।

सायंकाल रोडा ग्राम में नवीन जिनालय के शुभारम्भ के उपरान्त सायंकाल प्रतिष्ठाचार्य वालव्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश के मार्गदर्शन एवं मुनि श्री के आशीर्वाद से नौहरकलों परिवार के पवन जैन के पुत्र प्रतीक जैन द्वारा 22 हजार वर्गमीटर भूखण्ड शिक्षा के लिए समर्पित किया जिसका शिलान्यास परिवारजनों द्वारा किया गया। मुनि श्री के सम्मुख सम्पदा एकडमी नामकरण हुआ जिसमें प्रशासनिक उच्च शिक्षा के लिए आईएएस आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों हेतु चयनित



प्रतिभागी रहेंगे। मुनि श्री ने ससंघ रात्रिकालीन प्रवास के उपरान्त प्रातःकाल ज्ञानोदय तीर्थ के लिए विहार किया जहां जैन समाज के श्रद्धालुओं ने अगुवाई की और मुनि श्री के सानिध्य में अभिषेक शान्तिधारा की मांगलिक कियाए पुर्याजक परिवारों द्वारा की गई। मुनि सुधासागर महाराज की आहारचर्या का पुर्ष्याजन मंदिर प्रबंधक राजेन्द्र सर्राफ को मिला।

इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत खजुरिया, शीलचंद अनौरा सौरभ जैन सीए राजेन्द्र जैन थनवारा, अनिल जैन अंचल, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, अक्षय अलया, प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकू,अजय जैन साइकिल, मनोज जैन बबीना, मुन्नालाल जैन अभिलाषा, अजित जैन खजुरिया, अमित सराफ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डोंगरगढ़ में भगवान आदिनाथ जयंती हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनायी गयी

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** श्री दिगम्बर जैन समाज ने भगवान आदिनाथ की जयंती बड़े धूम - धाम से मनायी. प्रात: 8 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान को पालकी में विराजमान कर शोभा यात्रा निकाली गयी जो की पटेल वार्ड, भंडारी चाल से होते हुए जयस्तंभ चौक, गोल बाज़ार, भगत सिंह चौक होते हुए, प्राय: सभी जैन बंधुओं के घर के सामने से होते हुए वापस दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची. सभी भक्तों ने अपने घर के सामने भगवान की हर्षोलास के साथ अगवानी की, रंग बिरंगी रंगोली और भव्य आरती से भगवान का अभिनंदन किया. तत्पश्चात मंदिर में भक्तों द्वारा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं महा आरती की गयी. इस उपलक्ष्य में जगह - जगह भंडारा एवं खीर आदि का वितरण भी किया गया . डॉ. सम्राट



जैन पिता श्री प्रदीप कुमार जैन (जैन प्रिंटिंग प्रेस) परिवार द्वारा 27 ग्राम का सोने का छत्र मूलनायक 1008 श्री नेमिनाथ भगवान को चढ़ाया गया जिसके लिए सम्पूर्ण समाज ने उनके इस दान के लिए खूब - खूब अनुमोदना की एवं समाज के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन के द्वारा उनका माला पहनाकर ससम्मान आभार व्यक्त किया. जाग्रति महिला मंडल द्वारा भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक की झांकी बनाई गयी एवं मंदिर को सजाया गया. जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, कोषाध्यक्ष श्री जय कुमार जैन एवं सचिव श्री सुरेश चन्द जैन ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित महानुभाव को धन्यवाद ज्ञापित किया.

## आदि ब्रम्हा आदिनाथ भगवान का जन्म व तप महोत्सव मनाया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज प्रथम तीर्थंकर आदि ब्रम्हा 1008 आदिनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक सारे देश व विदेश स्थित जिन मंदिरों मे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, प्रात: सभी मंदिरों मे भगवान आदिनाथ जी का अभिषेक व उनकी मूरत पर बीजाक्षरों युक्त शांतिधारा विश्व शांति व सभी प्राणिमात्र के जीवन मे सुख शांति व समृद्धि की कामना से की गयी, कई स्थानों मे प्रभात फेरी के रूप मे श्रावक श्राविकाओं ने जियो और जीने दो के सन्देश समाज को दिया,

आज रायपुर के विभिन्न मंदिरों मे भी कार्यक्रम आयोजित कर भगवान का जन्म व तप कल्याणक मनाया गया, अशोका रतन स्थित 1008 श्री शान्तिनाथ जिनालय मे प्रात: 6.45 बजे विराजमान 1008 मूलनायक श्री



शान्तिनाथ भगवान, श्री नेमिनाथ भगवान, श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान की पाषाण की मनोहारी मूरत पर प्रक्षाल किया गया,

अष्ट धातु की मूरत 1008 श्री अजीतनाथ, श्री शान्तिनाथ जी, वर्तमान शासन नायक श्री महावीर भगवान की मूरत मे प्रक्षाल अभिषेक किया गया, 1008 श्री आदिनाथ भगवान की मूरत को वेदी से पाण्डुकशिला पर विराजमान कर प्रथम कलश , चतुर्थ कलश से मन्त्रोंचार द्वारा अभिषेक किया गया, वृहद शांतिधारा की गयी,

जन्मभिषेक आरती की गयी, संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चरणों का अभिषेक कर आरती की गयी,

## निराश्रित पेंशन धारकों को ट्रिपल इंजन की सरकार में नहीं मिल पा रही पेंशन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रति माह मिलने वाली पेंशन नहीं मिल पा रही है अपनी इसी व्यथा को लेकर रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के पास पहुंचे और अपनी व्यथा बताई जिस पर तत्काल प्रभाव से नगर निगम की उपायुक्त श्री मति कृष्णा खटीक जो इस पेंशन के कार्य की कार्य प्रमुख है उन को फोन लगाया तो उनका कहना था कि सर सामान्य प्रशासन विभाग से राशि ही नहीं आई है संतुष्टि प्रद जवाब नहीं दे पाई उपायुक्त महोदया जी सभी बुजुर्ग आस पास के वार्ड वासी है वे बुजुर्ग जो कि गुरु गोविंद सिंह वार्ड शंकर नगर वार्ड रवि शंकर शुक्ला वार्ड के निवासी है अगर बुजुर्गों की ये हालत ट्रिपल इंजन की सरकार में हो रही है तो चिंता का विषय बना हुआ है। ये हाल राजधानी रायपुर नगर निगम के पूरे



70 वार्डों का है जहां बेचारे निराश्रित लोग जिनको और निराश्रित बनाने का काम नगर निगम सहित टिप्पणी इंजन की सरकार कर रही है यह छलावा है धोखाधड़ी है वह बुजुर्ग केवल 300/ 500 की पेंशन पा कर खुश होते है उनका भी हक आप खाओगे तो कहां जाओगे आप किसी के हक के पैसे को भी उनको नहीं दे पा रहे हो।

## समाज रत्न सुश्री अमिता जैन का सिविल जज पद हेतु चयन

**अनुपपूर।** नगर कोतमा के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व.श्री कोमल चंद जी के सुपुत्र अजित कुमार जैन (अतुल एजेंसी ) की सुपुत्री सुश्री अमिता जैन(शुभ श्री परिवार) ने सिविल जज की परीक्षा में 6 वीं रैंक मे सफलता अर्जित कर सिविल जज बनने का गौरव प्राप्त कर समाज नगर ओर परिवार को गौरवान्वित किया।



अमिता जैन के स्वर्णिम उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूरे बाझल्य शुभश्री परिवार को शुभकामनाएं।

## कुण्डलपुर में भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया

**कुण्डलपुर ( दमोह )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में वैराग्य पथ के प्रथम पथिक, युगादिदेव, आदि ब्रह्मा, धर्मतीर्थ प्रवर्तक, जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर, आदिपुरुष , षट्कर्मों के प्रणेता भगवान श्री ऋषभदेव ( आदिनाथ ) जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव चैत कृष्ण नवमी गुरुवार को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया । भगवान ऋषभदेव आदिनाथ ने इस कलि काल में भटकती मानवता को सभ्य सुरक्षित और समृद्ध जीवन जीने का मार्ग दिखाया था ।

उन्होंने ही समाज को असि( रक्षा), मसि( लेखन) ,कृषि (खेती ),वाणिज्य (व्यापार) ,शिल्प (कला) और विद्या (ज्ञान ) जैसे षटकर्मों की शिक्षा दी। उन्होंने न केवल मोक्ष मार्ग का उपदेश दिया बल्कि संसार में स्वावलंबी जीवन जीने की नींव भी रखी।वे संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन



जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: कुण्डलपुर कार्यालय से कुण्डलपुर पर्वत पर स्थित बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई, भक्तामर महामंडल विधान, श्री बड़े बाबा महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, शांति विधान हुआ । श्री जी का पालना झुलाया गया।

## जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव धूमधाम से मनाया

**तालबेहट ( ललितपुर )।** भारतीय जैन मिलन बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा ने आदर्श ग्राम पवा के कन्या प्राथमिक विद्यालय में स्वल्पाहार वितरण किया।

तालबेहट सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित जैन मंदिरों में जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भगवान आदिनाथ स्वामी की अभिषेक शांति धारा एवं पूजन विधान की क्रियाएं संपन्न की गयी। कसबे के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के आज्ञानुवरती



शिष्य पूज्य मुनि मेघदत सागर एवं मुनि वृषभदत्त सागर महाराज और पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य विराग सागर महाराज की परम् प्रभावी शिष्या भारत गौरव परम् पूज्यनीय 105 विविक्त श्री माताजी, विप्रा श्री माता जी, वियोजना श्री माता जी, विशुद्रण श्री माताजी के ससंघ मंगलमय सानिध्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। वहीं आदर्श ग्राम पवा के चैतन्य चमत्कारी आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पं. सिंघई सौरभ जैन शास्त्री के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सुशील मोदी ने ध्वजारोहण से किया। कलशाभिशेष कार्यक्रम में मोदी विजय कुमार ने सौधर्म इंद्र, आदेश मोदी ने ईशान इंद्र, मोदी राकेश कुमार आगम जैन ने सनतकुमार इंद्र और उत्तमचंद प्रदीप जैन ने माहेन्द्र इंद्र की भूमिका निभाई। मोदी आनंद कुमार अक्षत जैन एवं मोदी विनय कुमार विनम्र जैन ने शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की।

## श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा विशाल भोजन सेवा, 1100 से अधिक जरूरतमंदों ने पाया लाभ

**ब्यावर।** प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा एक विशेष सेवा प्रकल्प के अंतर्गत विशाल भोजन सेवा का आयोजन किया गया।आदि प्रभु की भक्ति हो, दीन-दुखियों की सेवा हो के पावन संकल्प के साथ संगठन के सदस्यों ने जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों को भोजन कराकर मानवता का संदेश दिया।

संगठन के संगठन मंत्री अमित गोधा ने बताया कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को दान, त्याग और सेवा का मार्ग दिखाया था। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए संगठन द्वारा इस पावन अवसर



पर जरूरतमंद भाई-बहनों की सेवा करने का निर्णय लिया गया।

संगठन के अध्यक्ष कमल जैन व मंत्री कल्पेश जैन एवं संगठन मंत्री अमित गोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा कार्य आज सुबह महावीर कीर्ति स्तंभ, अजमेरी गेट के बाहर आयोजित किया गया, जहां 1100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्यों ने स्वयं सेवा करते हुए भोजन वितरण किया और सभी को सम्मानपूर्वक भोजन कराया।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर अतिथियों द्वारा भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला तथा मंत्री विजय फागीवाला सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इनमें राजकुमार पहाड़िया, शशिकांत गदिया, प्रकाश गदिया, संजय रावका, दिनेश अजमेरा, चन्द्रप्रकाश गोधा, घनश्यामदास शास्त्री, संजय गंगवाल, अरुण कासलीवाल विरेंद्र गोधा, कमल जैन, कल्पेश जैन, अक्षत कटारिया, अंशुल रानीवाला, उज्ज्वल काला, अमित बाकलीवाल, चंचल जैन, अंकित रावंका, सुमित पहाड़िया, सुदेश पाटनी, अमित गोधा, मोहित जैन, श्रेणिक छाबड़ा, दीपक सोनी, हरीश जैन टीकम कासलीवाल, विकल कासलीवाल संदीप पाटनी विश्वास फागीवाला, यश पहाड़िया, सन्मति रावंका, आशीष गदिया, पुष्प काला, चंद्रेश रावंका, पीयूष कासलीवाल, वैभव गंगवाल, हितेश रावंका सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं और युवाओं को समाज सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देते हैं। समाजजनों सहित ब्यावर शहर के अनेक नागरिकों ने भी संगठन के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के द्वारा रंग पंचमी पर खेली गई फूलों की होली

- नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन हुए शामिल दी गई शुभकामनाएं

**बलौदा बाजार ( विश्व परिवार )।** स्थानीय साहू समाज के भवन परिसर में सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के आह्वान पर रंग पंचमी के अवसर पर फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा सादगी पूर्ण ढंग से फूलों की होली के आयोजन में शामिल होकर सभी उपस्थित समाज प्रमुखों को शुभकामनाएं देते हुए फूलों की होली खेली गई।

नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए सभी नाचते गाते



आयोजन का हिस्सा बने, इस दौरान डॉ. कुशल वर्मा के द्वारा फाग गीत गाया गया व पूर्व पार्षद नरसिंह वर्मा सहित अन्य लोगों के नगाड़े की थाप पर सादगी पूर्वक फूलों की होली खेली गई।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, सभापति जितेंद्र डड़सेना एवं पार्षद अमितेष नेताम,रोहित साहू का पुष्प हार से स्वागत किया गया, आयोजन के दौरान सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के खिलेंद्र वर्मा, रामलाल साहू, मोहन बंजारे, सरजू प्रसाद साहू, टेशूलाल धुरंधर, राकेश वैष्णव, प्रेम नारायण साहू, अर्जुन साहू, मोहन साहू, डंडी साहू गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य समाज के प्रमुख जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चित्रकोट में शासकीय भूमि की हेराफेरी, कोटवार ने बेच दी 12 सौ वर्गफुट जमीन

**जगदलपुर।** चित्रकोट क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ मारपीट और धमकाने के आरोपों में घिरे ग्राम कोटवार की जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है जांच में सामने आया है कि संबंधित कोटवार शासकीय भूमि की अवैध खरीदी बिक्री मे भी संलिप्त था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है,वहीं पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है। लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम चित्रकोट के ग्रामीणों ने ग्राम कोटवार नरेन्द्र सूर के खिलाफ आए दिन मारपीट,गाली-गलौच और धमकाने की शिकायत करते हुए कलेक्टर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर जांच तहसीलदार कार्यालय को सौंपी गई है। जांच के दौरान तहसीलदार कैलाश पोयम द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि चित्रकोट के बारसूर मोड़ स्थित खसरा नंबर 1523/1 की शासकीय भूमि को कोटवार ने एक व्यक्ति रतन के साथ मिलीभगत कर हेराफेरी की। आरोप है कि इस शासकीय भूमि में से करीब 12 सौ वर्गफुट जमीन का मलबा बिक्रीनामा तैयार कर 13 लाख रूपए में बेच दिया। मामले में शामिल तथाकथित क्रेता विक्रेता सहित अन्य लोगों के बयान लेकर आगे की जांच की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि कोटवार लंबे समय से जमीन की हेराफेरी में संलिप्त रहा है और जांच के दौरान अन्य प्रकरण भी सामने आ सकते है।

### 5 घंटे में 105 लोगों ने किया रक्तदान






**रायपुर** - मिशन ए अहलेबैत चरोदा धरसीवां की जानिब से एवं छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन के संयुक्त में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 10 मार्च को, 21 रमज़ान शहादत दिवस हजरत इमाम अली के मौके पर किया गया। इस शिविर में 5 घंटे में 105 लोगों ने (महिला/पुरुष सहित) रक्तदान किया द्य इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया, रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त को जयदीप ब्लड बैंक मोवा ने संग्रहित किया, जो कि थैलासीमिया बच्चों सहित अन्य जरूरतमंदों को समय-समय पर रक्त उपलब्ध कराता रहता है द्य इस शिविर में सभी समाजों के लोगों ने अपना योगदान दिया।

अनवर अली जी ने अपना क्क- रक्त समूह का 75 वां रक्तदान पूरा किया और सभी ग्रुप मेंबर्स ने अपना रक्तदान किया।मिशन के ग्रुप सदस्यों ने सामूहिक तौर पे इस बात को कहा कि ये कार्यक्रम सभी रक्तदाताओं के सहयोग से संपन्न हुआ और आगे भी इसी तरह मानवता का संदेश दिया जाता रहेगा ।

शिविर में मुख्यतौर पर अतिथि स्वरूप चरोदा मंदिर के अध्यक्ष, पुजारी, मस्जिद के इमाम, ग्राम चरोदा धरसीवां के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे सभी लोगों ने सद्भावना का संदेश दिया और आने वाले समय में भी मानवता का संदेश देते रहने की बात कही। डॉ तौसीफ एजाज, हस्सान, जिशान, एहसान, अब्दुल, शहादत, इलियास, जुनैद, जुबेर, सुहेल, इजहार, अशरफ शोहराब, इस्राफील, हाजी कलीम, फज़ल, सादिक, शिविर में अतिथि स्वरूप रायपुर गुलामने अली की टीम, प्रमा फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

# बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन मजबूत करने की मुहिम तेज

### बीजेपी कमल के साथ अफीम की खेती को बढ़ावा दे रही अमरजीत चावला

### विधानसभा घेराव की तैयारी तेज करने के निर्देश



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की मुहिम तेज कर दी गई है। जिला संगठन के मार्गदर्शन में पंचायत और बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में ब्लॉक कमेटियों का गठन लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन कई जगहों पर अभी भी बूथ कमेटियों का गठन बाकी है। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस अध्यक्षों का मनोनयन भी अभी तक कई स्थानों पर नहीं हो सका है।

इन सभी मुद्दों को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व प्रभारी मंत्री संगठन अमरजीत चावला ने जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष और जिला पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिलों का प्रभारी बनाकर जल्द दौरा करने और जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संगठनात्मक प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके।

चावला ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों का गठन करे और जिले के प्रमुख नेताओं, विधायकों व पूर्व विधायकों को बूथ कमेटी बनाने की जिम्मेदारी दी जाए। उनके नेतृत्व में बने बूथ संगठन चुनाव के समय पार्टी को मजबूती देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बूथ कमेटी का गठन उसी बूथ में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया जाएगा।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। अमरजीत चावला ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अभी से चुनाव के लिए तैयार रहना होगा और जनता तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों के धान का बेहतर दाम देकर पूरा धान खरीदने और स्कूलों को खुलवाने की बात करती है, जबकि बीजेपी कमल के साथ अफीम की खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं तथा महिलाओं का सम्मान भी सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी भाईचारा बढ़ाकर संगठन को मजबूत करने की अपील की और कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचा सकता है। साथ ही 17 मार्च को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को लेकर रूपरेखा तैयार करने और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश में बीजेपी सरकार की नीतियों और कार्यों को जनता तक पहुंचाया जाए। कांग्रेस हमेशा गरीबों, किसानों और आम जनता के हितों के लिए काम करती है, जबकि बीजेपी के कुछ नेता नशीले पदार्थों की खेती को बढ़ावा देकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और आरक्षण का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए कहा गया कि यदि कोई अध्यक्ष लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहता है तो जिला अध्यक्ष को उसे पद से हटाने का अधिकार होगा।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि पंचायत, ग्राम और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर ही आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। संगठन विस्तार अभियान को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# क्या मार्च के बाद नहीं होगी नक्सली घटना? पीसीसी चीफदीपक बैज ने सरकार से किया सवाल

### अफीम की खेती और गैस संकट पर विधानसभा घेराव का ऐलान



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर नक्सलवाद, कानून व्यवस्था, महंगाई और गैस संकट को लेकर सियासत गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नक्सलवाद खत्म करने के सरकारी दावों का स्वागत तो किया है, लेकिन उन्होंने कई बड़े सवाल भी खड़े कर दिए हैं। बैज ने कहा कि अगर सच में नक्सलवाद खत्म होने जा रहा है तो क्या सरकार यह गारंटी दे सकती है कि मार्च के बाद प्रदेश में कोई नक्सली घटना नहीं होगी। किसी कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या नहीं होगी और किसी निर्दोष को फर्जी नक्सली बताकर जेल नहीं भेजा जाएगा या एनकाउंटर नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या सरकार यह भरोसा देगी कि प्रदेश के खनिज संसाधनों को निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। प्रदेश में अफीम की खेती को लेकर भी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। दीपक बैज का कहना है कि कभी धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को अब अफीम का कटोरा बनाया जा रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और प्रदेश में गैस की किल्लत को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत 17 मार्च को विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है, जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को लेकर चल रही बहस के बीच अब इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साल 2016 से ही सरकारें नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन देती रही हैं। ऐसे में अगर इस बार सच में नक्सलवाद खत्म होने जा रहा है तो कांग्रेस इसका स्वागत करती है, क्योंकि बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति आना बेहद जरूरी है, लेकिन बैज ने सरकार से कई गंभीर सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा कि क्या सरकार यह गारंटी दे सकती है कि मार्च के बाद प्रदेश में कोई नक्सली घटना नहीं होगी और किसी राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या नहीं होगी। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या निर्दोष लोगों को फर्जी नक्सली बताकर जेल भेजने या एनकाउंटर करने जैसी घटनाएं पूरी तरह बंद हो जाएगी।

# घर में मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

### 8 माह की गर्भवती महिला की कुल्हाड़ी से हत्या

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झारउमरगांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक आठ माह की गर्भवती महिला की बेहरमी से हत्या कर दी गई। इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके की झकझोर कर रखा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका फूलमति की एक दो साल की छोटी बच्ची भी है और वह करीब आठ महीने की गर्भवती थी। घटना के समय महिला अपने घर में अकेली थी। बताया जा रहा है कि उसका पति पेशे से ड्रायवर है और काम के सिलसिले में रायपुर गया हुआ था इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला की हत्या कर दी।

इस ह्रदय विदारक घटना के बाद गाव मं दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। गौरतलब है कि रंगपंचमी से पहले भी इसी क्षेत्र में दोहरी हत्या की घटना सामने आई थी लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे है





और ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से अरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कर्रवाई की मांग की है।


### टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च; अब BaaS मॉडल के साथ 49,999 से उपलब्ध

**लखनऊ :** दो और तीन पहिया वाहनों के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए 1.8 kWh बैटरी के साथ टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च किया है। यह कंपनी की लाइन-अप में सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने पूरे ईवी पोर्टफोलियो में बैटरी-एज़-ए-सर्विस (BaaS) मॉडल भी पेश किया है, जो ग्राहकों को अधिक लचीला ओनरशिप विकल्प देता है। टीवीएस ऑर्बिटर वी1 और BaaS मॉडल के साथ कंपनी की ईवी स्कूटर रेंज अब 49,999 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) से शुरू होती है। BaaS मॉडल से स्कूटर की शुरुआती कीमत कम हो जाती है और ग्राहकों को बैटरी की दीर्घकालिक सुरक्षा मिलती है। वहीं, जो ग्राहक बिना क्क्षुड्डस् के ऑर्बिटर वी1 खरीदना चाहते हैं, वे इसे ?84,500 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) में खरीद सकते हैं।

**टीवीएस ऑर्बिटर वी1: नए भारत की स्मार्ट, सस्टेनेबल, अर्बन ईवी सवारी** - 1.8 kWh बैटरी से लैस टीवीएस ऑर्बिटर वी1 को रोजमर्रा की शहरी यात्रा को आसान और व्यावहारिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।


# सहकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल की मंत्री केदार कश्यप व मार्कफेड अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी से मुलाकात

### जल्द समाधान का मिला भरोसा, कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** सहकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ का प्रतिनिधिमंडल सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और राज्य विपणन संघ मार्कफेड के प्राधिकृत अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश भर के सहकारी कर्मचारियों की कई अहम मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इनमें सेवा शर्तों में सुधार, धान की सुखत में प्रावधान, लंबित वेतन और भत्तों का भुगतान, कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण सहित अन्य विभागीय मुद्दे शामिल हैं। साथ ही कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान की गई सभी कार्यवाहियों को निरस्त करने का भी आग्रह किया।

सहकारिता मंत्री ने कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की जायज़ मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए जल्द समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मंत्री के आश्वासन के बाद कर्मचारी संगठन ने उम्मीद जताई है कि राज्य सरकार सहकारी कर्मचारियों की समस्याओं पर शीघ्र ठोस निर्णय लेगी।

इस दौरान सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ से महासचिव ईश्वर श्रीवास, जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव तथा समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ से प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, संरक्षक संतोष साहू, सचिव मोहन डहरिया, पुरुषोत्तम बरेठ (जिलाध्यक्ष सक्ती), घुराऊ राम सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध अफीम खेती पर बवाल: कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव, सरकार पर संरक्षण के गंभीर आरोप

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** प्रदेश में कथित रूप से हो रही अवैध अफीम खेती को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर नशीले पदार्थों की खेती को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया और जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। बैरिकेडिंग के बीच पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प की स्थिति बनी, जबकि कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहले जिला कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। इसके बाद वे रैली की शक्ल में भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े। हालांकि भाजपा कार्यालय के पहले ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस जवानों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश में नशीली पदार्थों की अवैध खेती का मामला सामने आना बेहद चिंताजनक है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो



इसका सीधा असर प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान के कटोरे के नाम से जाना जाता है, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश नशीले पदार्थों की खेती के लिए चर्चा में आने लगा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन को और तेज करेगी। उनका कहना था कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान सुखचंद बेसरा, स्मृति ठाकुर, पवन सोनकर, संजय नेताम, सन्नी मेमन, नीरज ठाकुर, रमेश शर्मा, आबिद ढेबर, बालमुकुंद मिश्रा, चंद्रभूषण चौहान, हबीब मेमन, प्रहलाद यदु, योगेश्वरी साहू, कमल यदु, ओंकार सिंह ठाकुर, पन्नालाल ध्रुव, छगन यादव, राजेश साहू, मूलसिंह ठाकुर, योगेश बघेल, मेघनाथ बघेल, जितेंद्र राजपूत, जुनैद खान, यशपेन्द्र शाह, समद खान, माहेश्वरी शाह, ललिता यादव, रामकृष्ण ध्रुव, अमित मिरी, प्रेम सोनवानी, भूपेंद्र मांझी, रमेश वर्मा, जितेंद्र ठाकुर, चमन साहू, चेतन सिन्हा, रमीज रजा, मुकेश पांडेय, नेपाल यादव, सुरेश मानिकपुरी, चंद्रशेखर यादव, अजय बाजपेयी, भानु सिन्हा, अमृत पटेल, सूरज यादव, अवध यादव, हरीश्वर पटेल, गूँजेश कपिल, बीरेंद्र राजपूत, निराकार डोंगरे, गोपी धीवर, तुषार धीवर, रमेश साहू, यादराम धीवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु न्यायाधीश लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ के रूप में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका: मुख्यमंत्री साय



- छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर के प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रशिक्षु न्यायाधीशों को न्यायिक सेवा में चयन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण और सशक्त स्तंभ है। आने वाले समय में आप सभी के कंधों पर समाज और न्याय व्यवस्था से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारियां होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए इन जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि न्यायपालिका आमजन के अधिकारों की रक्षा और न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विधि विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सांवत, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की संचालक श्रीमती निधि शर्मा तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# वनांचल ग्राम बांधा में 58 परिवारों को मिला भूमि का मालिकाना हक

- स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों का किया गया वितरण



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोड़ला विकासखंड के वनांचल ग्राम बांधा में आज स्वामित्व योजना के तहत 58 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। इसके अंतर्गत ग्राम बांधा के 29, झंडी के 18 और केसदा के 11 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्री लोकचंद साहू सहित, श्री नितेश अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, तहसीलदार श्री हुलेश्वर पटेल, सरपंच श्रीमती गिरजा रामदयाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण लोगों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक और प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के मिलने से ग्रामीण अब बैंकों से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी। साथ ही संपत्ति के स्पष्ट अधिकार मिलने से जमीन संबंधी विवादों के समाधान में भी आसानी होगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले में स्वामित्व योजना के तहत कुल 28 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है, जिसमें से प्रथम चरण लगभग 8100 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में दूसरे चरण के अंतर्गत जिले में लगभग 3 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है। इनमें बोड़ला विकासखंड में 820, सहसपुर लोहारा में 337, पिपरिया में 287, कवर्धा में 643 तथा रेंगाखारकला में 125 पट्टे तैयार कर वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रक्रियाधीन प्रकरण को पूर्ण कर वितरित किया जाएगा।

# गर्मी के मौसम में टिकट चेकिंग स्टाफ स्लीवलेस कोट पहन कर करेंगे ड्यूटी

**रायपुर (विश्व परिवार)** रायपुर रेल मंडल में यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने और कर्मचारियों के कार्य परिस्थितियों को अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए टिकट चेकिंग स्टाफ स्लीवलेस कोट पहन सकेंगे। गर्मी के दौरान प्लेटफॉर्म, ट्रेनों तथा खुले वातावरण में लगातार ड्यूटी करने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ को अत्यधिक गर्मी और उमस का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में स्लीवलेस कोट कर्मचारियों को अधिक आरामदायक महसूस कराने के साथ-साथ उनकी कार्य क्षमता को भी बढ़ाने में सहायक होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कर्मचारियों के लिए अनुकूल कार्य वातावरण उपलब्ध



कराने से वे यात्रियों को और बेहतर तथा त्वरित सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। रेलवे द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों की सुविधा और यात्रियों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाते रहे हैं और भविष्य में भी यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# भाजपा के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा बने प्रदेश प्रवक्ता, संगठन ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मीडिया टीम में कबीरधाम जिले को अहम प्रतिनिधित्व मिला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से घोषित नई मीडिया टीम में जिले के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को संगठन में जिले की बढ़ती सक्रियता और प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। भाजपा



संगठन ने प्रदेश स्तर पर मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश सह संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट की नई सूची जारी की है। इसी सूची में कबीरधाम के सक्रिय भाजपा नेता जसविंदर बग्गा को यह जिम्मेदारी दी गई है। लंबे समय से संगठन और मीडिया मंचों पर पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने वाले बग्गा को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जसविंदर बग्गा की नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल और दुर्गेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी तथा परेटन वर्मा सहित जिले के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। नेताओं ने कहा कि यह नियुक्ति कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात है और इससे संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

प्रदेश प्रवक्ता के रूप में जसविंदर बग्गा की भूमिका पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की होगी। साथ ही राजनीतिक मुद्दों पर पार्टी का आधिकारिक पक्ष भी वे प्रदेश स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि बग्गा अपनी वक्तृत्व क्षमता और संगठनात्मक अनुभव के बल पर इस जिम्मेदारी को प्रभावी तरीके से निभाएंगे।

# अब 'कर्मचारी चयन मंडल' से सँवरेगा युवाओं का भविष्य : भाजपा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने विष्णुदेव साय सरकार द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को भंग कर कर्मचारी चयन मंडल के गठन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के हित में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताया है। श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सत्ता संभालते ही युवाओं से किया अपना वादा निभाया है। व्यापम की पुरानी व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए यह बड़ा प्रशासनिक सुधार किया गया है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचारमुक्त पारदर्शी व्यवस्था कायम कर प्रदेश की भाजपा सरकार ने अब भृत्य से लेकर बाबू, सिपाही और राजपत्रित अधिकारियों तक की सभी भर्तियाँ एक ही छत के नीचे कर्मचारी चयन मंडल द्वारा करने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इससे भर्ती प्रक्रिया में एकरूपता और शुचिता आएगी। कई राज्यों के मॉडलों का अध्ययन करने के बाद इस उत्कृष्ट बोर्ड का गठन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं का समयबद्ध आयोजन और परिणामों की त्वरित घोषणा सुनिश्चित करना है, ताकि युवाओं का कीमती समय बर्बाद न हो। श्री ठाकुर ने कहा कि यह युवाओं को बड़ी सौगात है। पिछली सरकार के समय परीक्षाओं में जो अनिश्चितता और अव्यवस्था का माहौल था, उसे साय सरकार ने जड़ से खत्म करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्रदेश के लाखों प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए एक बड़ी सौगात है। उत्कृष्ट चयन मंडल का गठन प्रदेश में सुशासन और मोदी की गारंटी को जमीन पर उतारने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का प्रदेशव्यापी भाजपा कार्यालय घेराव किया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालयों का घेराव किया गया। राजधानी रायपुर में यह विशाल आंदोलन प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में राजीव गांधी चौक से शुरू होकर भारतीय जनता पार्टी के रसबंदा स्थित कार्यालय की ओर बढ़ा। सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता "PM is Compromised" जैसे नारों के साथ कार्यालय की ओर आगे बढ़ रहे थे, लेकिन मार्ग में पुलिस प्रशासन ने भारी बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस बल और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति भी देखने को मिली। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने केंद्र और राज्यथ सरकार के दबाव में उन्हें अत्यधिक बल प्रयोग से रोकने का प्रयास किया, जबकि वे सिर्फ़ शांतिपूर्ण तरीके से अपने सवाल भाजपा नेतृत्व तक पहुँचाने जा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एप्स्टीन फाइल में आने पर सरकार द्वारा कोई स्पष्ट, पारदर्शी और ठोस जवाब न देना।

### रायगढ़ में 'समृद्धि बिजनेस पार्क' का ग्रैंड लॉन्च आज से

**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** शहर के जिंदल रोड स्थित सीएमओ चौक पर विकसित Samriddhi Business Park Raigarh का भव्य शुभारंभ आज (13 मार्च) से शुरू हो रहा है, जो 15 मार्च तक चलेगा। इस प्रोजेक्ट के साथ रायगढ़ को एक नया आधुनिक कमर्शियल हब मिलने जा रहा है, जहां प्रीमियम रिटेल शॉप्स और शो-रूम्स उपलब्ध होंगे। लॉन्च के दौरान व्यापारियों और निवेशकों के लिए विशेष ऑफर्स भी रखे गए हैं। परिसर में सीसीटीवी सुरक्षा, बूम बैरियर, पर्याप्त पार्किंग, गार्डन, वाई-फाई कनेक्टिविटी, अंडरग्राउंड बिजली और ड्रेनेज सिस्टम, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और स्ज्ञक्क जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। निवेशकों के लिए स्मार्ट 20=80 पेमेंट प्लान भी दिया गया है, जिसमें 20त्न राशि बुकिंग के समय और शेष पजेशन के समय देनी होगी।

# नगर निगम रायपुर : पेयजल व्यवस्था सुबारू रखने दिये आवश्यक निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर निगम जोन 9 कार्यालय में पहुंचकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के संबध में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। नगर निगम जलविभाग अध्यक्ष द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में जोन 9 जोन अध्यक्ष श्री गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य श्री खेम कुमार सेन, पार्षद श्री मोहन साहू श्रीमती सावित्री धीवर श्रीमती प्रमा मनोज विश्वकर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री जयंत साहू अपर आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू जल बोर्ड समिति के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियता जल श्री नरसिंह फरेन्द्र, जल बोर्ड कार्यपालन अभियंता श्री अशुल शर्मा जूनियर, फिल्टर प्लांट की टीम, जोन 9 के कार्यपालन अभियंता श्री शरद ध्रुव, जल विभाग सहायक अभियंता श्री सैय्यद जोहेब, उपअभियता श्री आशुतोष पाडे की उपस्थिति रही।

# पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन आज

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 13 मार्च, 2026 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त की राशि का हस्तांरण सायं 5 बजे गुवाहाटी, असम से की जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत देश के करीब 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी। वहीं बलौदाबाजार जिले में 127544 पात्र किसानों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। जिले में इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कराया जाएगा ताकि किसान सीधे इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शी व्यवस्था है। योजना के तहत राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचती है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाती है। इस राशि का उपयोग किसान अपनी खेती की आवश्यकताओं जैसे बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों में कर सकते हैं।जिससे खेती का खर्च कम होने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-198-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास अधीनस्थ विश्राम गृह का 03 वर्ष (36 महीने) के लिए मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।

**निविदा मूल्य (रू.): 19,02,643.20/-, अमानत राशि (रू.): 38,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 36 माह.**

**क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-213-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास 30 बिस्तरों वाले स्टाफ रेस्ट हाउस का प्रावधान और फर्नीचर और बिजली के कार्यों के साथ मौजूदा सुपरवाइजर रेस्ट हाउस का नवीनीकरण।

**निविदा मूल्य (रू.): 4,14,14,384.85/-, अमानत राशि (रू.): 3,57,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।**

**क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-214-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्री और पोस्ट ICU वार्ड बनाना, OPD, कैजुअल्टी, ICU वार्ड का रेनोवेशन, मौजूदा बिल्डिंग में RCC फ्लैट रूफ ट्रीटमेंट, सड़क चौड़ी करना, पेशेंट अटेंडेंट रेस्ट रूम में सुधार, बागवानी का डेवलपमेंट, ड्रेनेज सिस्टम, रास्ते के लिए बाउंड्री वॉल का इंतजाम और 10 कमरों का DNB डॉक्टर्स हॉस्टल, और सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर में दूसरे अलग-अलग कार्यों का निष्पादन।

**निविदा मूल्य (रू.): 4,40,41,186.21/-, अमानत राशि (रू.): 3,70,200.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह, निविदा जमा की आरंभ तिथिः-** दिनांकः 11.03.2026 से। **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 25.03.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*

*सीपीआर/10/736 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

# स्वास्थ्य सेवाओं व जी राम जी योजना अंतर्गत मजदूरों के भुगतान का उठाया मुद्दा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज विधानसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं के विस्तार और पोषण कार्यक्रमों को मजबूत करने की बात कही जिससे क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।

इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े प्रमुख विषयों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु स्वीकृत कार्यों और ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण व कंप्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों के विषय में प्रश्न किया। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की सुविधा हेतु ऑनलाइन दस्तावेजों की प्राप्ति में ग्रामवासियों को हो रही असुविधा के लिए उन्होंने प्रमुखता से प्रश्न रखा साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए पंचायतों द्वारा स्वीकृत एवं लंबित कार्यों का विषय भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं एवं पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के विषय को भी प्रमुखता से रखा और प्रदेश व जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विषय में भी प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ग्राम पंचायतों के माध्यम से कितने विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं? स्वीकृत कार्यों पर अब तक कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने प्रगतिरत हैं? क्या उक्त स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी हेतु कोई विशेष तंत्र स्थापित किया गया है? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री जी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें वित्त एवं मुलभुत योजनाओं के अंतर्गत कुल 6,254 कार्य स्वीकृत हुए हैं जिसके लिए 67 करोड़



80 लाख 91 हजार रु स्वीकृत की गई और कुल 35 करोड़ 49 लाख 93 हजार रु व्यय किये गए हैं।

इनमें से 3,573 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 1,373 कार्य प्रगतिरत हैं एवं 1237 कार्य अप्रारम्भ हैं। 2024-25 एवं 2025-26 में कबीरधाम जिलें में ग्राम पंचायत के माध्यम से स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के द्वारा की जाती है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में क्रय किये गये कम्प्यूटर के विषय में प्रश्न किया कि पंडरिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में कुल कितने कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं तथा उक्त क्रय पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है? जिसके लिखित उत्तर में मंत्री जी बने बताया कि पंडरिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में राज्य स्तर से निरंक, जिला/जनपद पंचायत स्तर से निरंक तथा पंचायत स्तर से कुल 07 कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं। इनमें से जनपद पंचायत पंडरिया में 3, कवर्धा में 2 तथा सहसपुर लोहरा में 2 कम्प्यूटर कुल लागत 4 लाख 61 हजार 490 रु. में क्रय किया गया है।

भावना बोहरा ने जी-राम-जी (पूर्व में मनरेगा) योजना अंतर्गत मजदूरों के लंबित भुगतान के विषय में प्रश्न किया कि राज्य में जी-राम-जी योजना के तहत पिछले 06 महीनों में कितने मजदूरों का भुगतान 15 दिन की वैधानिक सीमा से बाहर हुआ है? विगत 03 वर्षों में कितने फर्जी जॉब कार्ड पकड़े गए? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री जी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत के राजपत्र दिनांक 21.12.2025 में %विकसित भारत - जी राम जी% अधिनियम, 2025 का प्रकाशन किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ राज्य में लागू करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत एक ही श्रमिक विभिन्न दिवसों में कार्य करता है, जिसमें से कुछ कार्यों का भुगतान हो जाता है तथा कुछ कार्यों का भुगतान लंबित रहता है, जिससे लंबित मजदूरी भुगतान वाले श्रमिकों की संख्या एवं औसत देरी बताया जाना संभव नहीं है। 22 दिसम्बर, 2025 से 12 जनवरी, 2026 तक आंशिक तथा 13 जनवरी, 2026 के बाद से पूर्ण मजदूरी भुगतान लंबित है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-01-26-27, दि. 09-03-2026 कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में सड़को का सुधार का कार्य। निविदा मूल्यः 3,27,94,666.31/—, अमानत राशिः ₹ 3,14,000.00/—, कार्य पूर्णता की अवधिः 09 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-02-26-27, दि. 09-03-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में 02 वर्षो की अवधि के लिये जंगल की सफाई का कार्य। निविदा मूल्यः 55,54,175.00/— अमानत राशिः ₹ 1,11,100.00/—, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (3) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-04-26-27, दि. 09-03-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कर्मचारियों के लिये पुराने/जर्जर क्वार्टरों के प्रतिस्थापन आधार पर 10 यूनिट टाइप–II, 08 टाइम–III, 08 यूनिट टाइप–IV क्वार्टरों का निर्माण। निविदा मूल्यः 7,46,19,731.91, अमानत राशिः ₹ 5,23,100.00/—, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 19—03—2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः 02—04—2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)

सीपीआर/10/FL/747 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में सतत् प्रगति पथ पर छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- विगत दो वर्षों में **1600 से अधिक** चिकित्सकीय पदों पर भर्तियां
- दूरस्थ इलाकों तक सुगम चिकित्सा सेवाओं के लिए **पीएम जनमन योजना** अंतर्गत 57 डेडीकेटेड मोबाइल मेडिकल यूनिट
- टेलीमेडिसिन के माध्यम से विगत दो वर्षों में **2 लाख से अधिक** लोगों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 31.44 लाख से अधिक क्लेम प्रकरणों में लगभग **₹4551 करोड़** का उपचार/भुगतान
- मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 2273 लाभार्थियों को **₹62.20 करोड़** की उपचार सहायता
- मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत विगत दो वर्षों में 177 कार्यों हेतु **₹271.45 करोड़** की प्रशासकीय स्वीकृति
- **5 नए** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना
- **6 नवीन** शासकीय फिजियोथैरेपी चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना
- **9 नवीन** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना

SAMVAD- 45323/7




हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
**सुशासन से समृद्धि की ओर**
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in